## न्यूज ब्रीफ

### मोक्ष धाम की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**खुटार, अमृत विचार :** गांव भोपतपुर निवासी सुखवंत सिंह, मनजोध सिंह, सुखदेव सिंह, हरविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, राजवीर सिंह पुलिस को बताया कि गांव के बाहर मोक्ष धाम की सरकारी भूमि है। जो अभिलेखों में दर्ज है। गांव में मृत्यु होने के पश्चात दाह संस्कार मोक्ष धाम पर जाकर करते हैं। उस भूमि के चारों ओर निर्माण न होने की वजह से गांव का एक व्यक्ति अवैध कब्जा कर रहा है। सरकारी जमीन पर निर्माण कर रहा है। इससे गांव के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए समस्या होगी। जबकि लोगों ने उक्त व्यक्ति से निर्माण कार्य करने से मना किया। तो गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर मारपीट पर आमादा हो गया। सोमवार को गांव के लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर अवैध निर्माण रुकवाने और कार्रवाई की मांग की है।

### मकान से नकदी समेत हजारों का जेवर चोरी

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव हमजापुर निवासी सियावती ने थाना में दी तहरीर में बताया कि रविवार की रात उसके घर पर कोई नहीं था। चोरों ने रात में ताला तोड़कर बक्से का भी ताला तोड़ दिया। सोमवार सुबह वह घर आयी तो उसे चोरी का पता चला। उसने बताया कि चोर 50 हजार रुपये, एक जोड़ी सोने के झाले, दो जोड़ी पायलें, कमर बिछुआ, मांग वेदा आदि जेवर ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

### युवती को किया अगवा रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनिवार शाम उसकी 19 वर्षीय पुत्री घर से निकली थी, जो वापस नहीं आई है। उनका आरोप है कि आरोपी अजय पाल ने उसकी बेटी को प्रेम जाल में फंसा लिया और ले गया है। उसकी पुत्री घर से 20 हजार रुपये और जेवर ले गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी की तलाश कर रही है।

### घर में बंद कर पीटा किया हमला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला वाकरजई निवासी विनोद ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार को दिन में 11 बजे उसके भाई हनी सनी कपूर निवासी घूरन तलैया ने गालियां दी। उसके भाई को मकान के अंदर ले गया और बंद करके धारदार हथियार से घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

## अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देकर व्यवस्था वापस लेने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरोध में अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर ज्ञापन देते व्यापारी।

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उप्र की ओर से प्रांतीय आवाहन पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरोध में जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता विद्युत को ज्ञापन सौंपा गया। व्यापारियों ने प्रीपेड मीटर व्यवस्था को पूरी तरह फेल बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की।

जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा कि प्रीपेड मीटर लगने के बाद हजारों व्यापारियों और उपभोक्ताओं की बिजली कट रही है। विभाग का सर्वर सही से काम नहीं कर रहा है और एप में पेमेंट जमा करने के बाद भी अपडेट नहीं हो रही है। महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन अख्तर ने कहा कि पुराने मीटरों की सिक्योरिटी के समायोजन का विवरण उपभोक्ताओं को नहीं दिया जा रहा है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि उपभोक्ता परेशान हैं और अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं,

- पुराने मीटरों की सिक्योरिटी के समायोजन का विवरण उपभोक्ताओं को नहीं देने से असंतोष

जिससे बिजली घरों पर लंबी लाइन लग रही है। बिना किसी आधार के वर्षों पुरानी रिकवरी भेजी जा रही है। साथ ही कनेक्शन पीडी करने पर फाइनल पीडी बिल बनाने में अवैध वसूली की शिकायत भी उठाई गई।

ज्ञापन में बताया कि प्रीपेड मीटर लगाने के बाद अधिकांश उपभोक्ताओं के फोन नंबर अपडेट नहीं किए गए हैं और बड़ी संख्या में सीलिंग सर्टिफिकेट पोर्टल पर दर्ज नहीं हैं। कई उपभोक्ताओं के मोबाइल में एप डाउनलोड तक नहीं हो पा रहा है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए व्यापारियों ने प्रीपेड मीटर व्यवस्था को वापस लेने की मांग की। इस दौरान प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता, जिला वरिष्ठ महामंत्री सुशील गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सैयद अनवर मियां, जिला वरिष्ठ मंत्री संजीव गुप्ता, महानगर संयुक्त महामंत्री मोहम्मद नदीम मंसूरी, पवन गुप्ता, जुबैर खान, नफीस खान आदि मौजूद रहे।

## कथा में राम को बुद्धि नहीं प्रेम से पाने का दिया संदेश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** दिव्य ज्योति जागृत संस्थान की ओर से रामचरण लाल धर्मशाला खिरनी बाग में संगीतमय भजन और चौपाइयों से युक्त श्री हरिकथा का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन साध्वी सुरजीता कुमारी व साध्वी सुर्वा भारती ने माता सती से जुड़ी कथा सुनाई।

उन्होंने बताया कि भगवान को बुद्धि से नहीं बल्कि प्रेम से पाया जा सकता है। कथा में बताया गया कि त्रेतायुग में जब भगवान राम माता सीता के वियोग में वन-वन भटकते हुए उन्हें खोज रहे थे, तब यह दृश्य देखकर देवी सती के मन में संदेह उत्पन्न हुआ और उन्होंने भगवान राम की परीक्षा लेने का निश्चय किया। उन्होंने मां सीता का रूप धारण कर भगवान राम के सामने पहुंचकर परीक्षा ली, लेकिन भगवान राम ने तुरंत उन्हें पहचान लिया और भगवान शिव के बारे में भी पूछा, जिससे माता सती आश्चर्यचकित रह गईं। इसके बाद उनका भ्रम दूर हो गया और उन्होंने स्वीकार किया कि भगवान राम ही श्री हरि विष्णु के अवतार हैं। कार्यक्रम की शुरुआत आरती पूजन के साथ नीरज बाजपेई, विनोद गुप्ता, सुबोध शर्मा, मोहन ग्रोवर, शोभना गुप्ता व राजमाता वीरेश्वरी शर्मा की ओर से की गई।

# हनुमान जयंती पर हनुमत धाम में होगा भव्य आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


हनुमतधाम स्थल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हनुमत धाम विसरात घाट पर इस वर्ष भी परंपरागत रूप से 1 और 2 अप्रैल को दो दिवसीय हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 1 अप्रैल बुधवार को सुबह 8 बजे श्रीराम चरित मानस के अखंड पाठ से होगी। 2 अप्रैल गुरुवार को सुबह 9 बजे प्रभु श्रीराम के राजतिलक के बाद अखंड पाठ का समापन किया जाएगा, इसके बाद हवन होगा और 11:30 बजे से 3:30 बजे तक विशाल भंडारा और प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम 6:30 बजे से 9:30 बजे तक भजन संध्या का आयोजन होगा। इस वर्ष मुंबई की प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाती मिश्रा और वृंदावन के भजन गायक राधिकेश अपनी टीम के साथ भजन प्रस्तुत करेंगे।

हनुमत धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि हनुमत धाम में हनुमान जी की विशाल प्रतिमा वर्ष 2013 में स्थापित की गई थी, जिसके बाद से यहां हर वर्ष हनुमान जयंती पर आयोजन होता आ रहा है। खन्नौत

- एक अप्रैल से शुरू होगा श्रीराम चरित मानस पाठ

नदी के बीच टापू पर स्थित यह स्थल विशाल प्रतिमा और प्राकृतिक सुंदरता के कारण श्रद्धालुओं का प्रमुख केंद्र बना है। शनिवार और मंगलवार को यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। प्रदेश सरकार ने धाम को पर्यटन मानचित्र में भी स्थान दिया है। धाम परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सौ बेड का निशुल्क आश्रय गृह, नया घाट और अतिरिक्त प्रवेश मार्ग भी तैयार किया गया है। पूरे परिसर को विद्युत झालरों और फूलों से सजाया गया है। यहां स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक लाइब्रेरी भी आकर्षण का केंद्र है, जहां कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का संग्रह है।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को किया जागरूक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के क्रम में खिरनी बाग, कस्तूरबा महिला छात्रावास एवं रिजर्व पुलिस लाइन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यापक जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं उनके अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से महिला उत्पीड़न, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा आदि के विरुद्ध भी जागरुकता फैलाने हुए सतर्क एवं सजग रहने के लिए प्रेरित किया। एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा ने महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर निरंतर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर सीओ कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# किसान यूनियन ने तहसीलदार को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा


जलालाबाद में तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की मासिक बैठक प्रदेश संरक्षक मजहर अली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा के बाद कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार अनुराग दुबे को 8 सूत्री ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में स्मार्ट मीटरों से 60 प्रतिशत बिल बढ़ने का विरोध कर उसे रोकने, मंडी मार्ग पर अतिक्रमण हटाने, गैस एजेंसियों द्वारा ब्लैक मार्केटिंग पर अंकुश लगाने, लेखपालों के भूमि रिकॉर्ड में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच व सुधार, छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में भेजने, खाद-बीज की समय पर उपलब्धता, सिंचाई के लिए नहरों-ट्यूबवेल सुधार समेत कई मुद्दे उठाए गए।

# उर्स-ए-कलीमी में अदा की चादरपोशी की रस्म

संवाददाता मीरानपुर कटरा / शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में चल रहे पांच रोजा उर्स-ए-कलीमी के तीसरे दिन सुबह कुरआन ख्वानी के बाद सज्जादानशीन सैयद मसऊद अहमद कलीमी की सरपरस्ती में खानकाह के संस्थापक हजरत सैयद मुहम्मद हुसैन उर्फ दूल्हा मियां कलीमी व मसरूरे मिल्लत ताजुल उरफा सैयद मसरूर अहमद कलीमी व खानकाह में स्थित मजार पर चादरपोशी की रस्म अदा करके गुलपोशी की गई। जिसमें उर्स प्रभारी डा सैयद असद अहमद कलीमी, नायब सज्जादानशीन सैयद मुसाद अहमद कलीमी उर्फ चिश्ती मियां, सैयद मुजीब अली, सैयद फखरे अली, सैयद सुहेब अहमद कलीमी चादर पेश करके खिराजे अकीदत पेश की। इसके साथ ही विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, पूर्व विधायक वीरेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, पूर्व विधायक राजेश


मीरानपुर कटरा में खानकाह हुसैनिया कलीमिया में सज्जादानशीन से मुलाकात करते जायरीन। ● अमृत विचार

- पूर्व विधायकों ने दी दरगाह पर हाजिरी

यादव ने पीराने उज्जाम के मज़ार पर चादरपोशी कर अकीदत पेश की।

खानकाह हुसैनिया कलीमिया की ओर से उर्स में निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें 24 घंटे डाक्टरों की टीम ने जायरीन का परीक्षण कर निःशुल्क दवाई वितरित की। कैम्प का शुभारंभ नायब सज्जादानशीन सैयद मुसाद अहमद कलीमी उर्फ चिश्ती मियां ने फीता काटकर किया।

देर शाम महफिले समा में मशहूर कव्वालों ने सूफियाना कलाम सुनाया। उर्स प्रभारी डा० सैयद असद अहमद कलीमी ने बताया कि 31 मार्च को सुबह 09 बजे से उर्स ताजुल उरफा का आयोजन किया जायेगा। जिसमे अलजामियातुल चिश्तिया के छात्रों की दस्तारबंदी की जायेगी।

# नगर निगम ने रोजा मंडी में दो बैंक शाखाएं की सील

संवाददाता, रौसर कोठी

- अचानक बैंक बंद होने से ग्राहकों को झेलनी पड़ रही परेशानी
- लाखों के भवन कर बकाया पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार :** बकाया कर वसूली को लेकर सख्ती दिखाते हुए शाहजहांपुर नगर निगम ने रोज़ा मंडी परिसर में संचालित दो बैंक शाखाओं को सील कर दिया। लंबे समय से लाखों रुपये का भवन कर बकाया होने के बावजूद संबंधित बैंक शाखाओं द्वारा भुगतान न किए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

नगर निगम द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर बकाया जमा करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन समय सीमा के भीतर भुगतान न होने पर निगम टीम ने मौके पर पहुंचकर शाखाओं को सील कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से रौज़ा मंडी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बैंकिंग कार्य ठप हो जाने से वहां पहुंचे उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को अपने जरूरी कार्य अधूरे छोड़कर वापस लौटना पड़ा। ग्राहक और बैंक कर्मचारी दोनों ही इस स्थिति से असमंजस में नजर आए, वहीं कई उपभोक्ताओं ने बिना पूर्व सूचना कार्रवाई किए जाने पर नाराजगी भी जताई। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कर वसूली को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन संस्थानों पर कर बकाया है, उनके खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। बकायेदारों को चेतावनी दी गई है कि वे समय रहते अपना बकाया जमा कर दें, अन्यथा उन्हें भी इसी तरह की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।




## वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह किया आयोजित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सोमवार को ईडन पब्लिक स्कूल झंडा कलां में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित किया गया। मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सचिन बाथम ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। प्रबंधक प्रो. सैयद मोहम्मद नोमान ने संबोधन में अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि बच्चा, टीचर और पेरेंट्स का आपस में तालमेल बना रहे। सपा अल्पसंख्यक सभा के महासचिव सैयद रिजवान ने बच्चों को हर परिस्थिति में शिक्षित करने की बात कही ताकि वे अपना, अपने समाज और देश का नाम रोशन कर सकें। प्रधानाचार्य रुजैना साद व ज्वाइंट डायरेक्टर अब्दुल रशीद खान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जैन मंदिर में मनाई गई महावीर जयंती

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री महावीर स्वामी की जयंती मोहल्ला सराय काइयां में जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने मनाई। श्री महावीर स्वामी पर जलाभिषेक किया गया। उसके बाद आरती, पूजन एवं भजन हुए। राधा जैन एवं अन्य सभी धर्मावलंबियों ने श्री महावीर जी को पालना में झुलाया। विश्व में शांति होने की मंगल कामना की। श्री महावीर के संदेश अहिंसा परमो धर्म, जीओ और जीने दो के संदेश का पालन के लिए श्रद्धालुओं से कहा गया। कुष्ठ आश्रम में भोजन सामग्री वितरण कराया। इस अवसर पर प्रदीप जैन, शैलेश जैन, रितेश जैन, राजेश जैन, राघव जैन, आदीष जैन, आलोक जैन, रेनू जैन मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### प्राथमिक विद्यालय तेरा का परीक्षाफल वितरण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सोमवार को प्राथमिक विद्यालय तेरा का परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा पांच में आरफा, सफवान, तसकीन, निशांत, वानिया कक्षा चार में उम्मे साफिया, देवराज, अजका, प्रांशू, अजनीफ, कक्षा तीन में इकरा, मायरा कक्षा दो में अरफी, सिदरा कक्षा एक में इनाया, फरहान, कमल, सादिकान ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। प्रधानाध्यापक सरताज अली ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की। साथ ही प्रधानाध्यापक ने सभी छात्रों से खूब मन लगाकर पढ़ने पर जोर दिया। सहायक अध्यापक दीपा पूनिया के संचालन में लेखपाल अनुभव मिश्रा, सारिका गुप्ता, रामनरायन, गीता देवी, रामकली, गुडडी देवी आदि मौजूद रहे।



### रेडक्रॉस सोसाइटी कार्यालय में हुई बैठक, किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय प्रांगण में स्थित इंडियन सोसाइटी के कार्यालय में सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सरोज कुमार श्रीवास्तव, सचिव सर्वेश कुमार गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने संयुक्त बैठक की। बैठक में रेडक्रॉस सचिव डॉ. विजय जौहरी ने वरिष्ठ नागरिक सरोज श्रीवास्तव का बैज और अंगवस्त्र पहनाकर व सीनियर सिटीजन को सम्मानित किया। निर्णय लिया कि सीनियर सिटीजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक साप्ताह बुधवार को रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में प्रयास करेंगे। बैठक में सर्वेश कुमार गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, मीनू वैरागी, पातीराम दीक्षित, सादिक आदि रहे।



### एडीएम प्रशासन ने गेहूं क्रय केंद्रों का लिया जायजा

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** रोजा मंडी क्षेत्र में एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीद प्रक्रिया, तौल व्यवस्था तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। एडीएम ने केंद्रों पर मौजूद किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गेहूं खरीद पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित मानकों के अनुसार की जाए। एडीएम ने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### प्रतिभावान बच्चे पुरस्कृत

**अल्हागंज, अमृत विचार :** पीएम श्री जूनियर विद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव में प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी, पूर्व विधायक शरदवीर सिंह ने विद्यालय के शानदार परीक्षाफल के लिए शिक्षकों और बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अनिल गुप्ता ने छात्रों को रोजाना विद्यालय में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम नायब तहसीलदार, नगर पंचायत सभासद कमलेश शर्मा, विद्यालय समिति अध्यक्ष अरुण शर्मा, प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अरुण दुबे, चरण सिंह, सीमा शर्मा, पूनम वर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन शिक्षक शिव नरेश ने किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### एसपी राजेश का तबादला, सौरभ दीक्षित होंगे नए एसपी



शाहजहांपुर, अमृत विचार : शासन के निर्देश पर एसपी राजेश द्विवेदी का तबादला सेनानायक, 38 वीं वाहनी पीएसी अलीगढ़ हो गया है। एसपी ने यहां पर चार्ज 24 मार्च 2025 को लिया था। उनका कार्यकाल एक साल रहा है। उनके स्थान पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित फिरोजाबाद से शाहजहांपुर स्थानातंरण होकर आ रहे है।

### गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू, किया औचक निरीक्षण

पुवायां, अमृत विचार : गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू होते ही प्रशासन सक्रिय नजर आया। पहले ही दिन उपजिलाधिकारी चित्रा निर्वाल मंडी पहुंचीं और औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तौल व्यवस्था, साफ-सफाई, किसानों के बैठने की व्यवस्था और पेयजल की उपलब्धता को परखा गया। उपजिलाधिकारी चित्रा निर्वाल ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए और खरीद प्रक्रिया पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से संचालित हो। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही या अनियमितता मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर समाधान के निर्देश दिए। प्रशासन की सक्रियता से किसानों में भरोसा बढ़ा है और खरीद प्रक्रिया सुचारू रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

### अपहरण कर 40 हजार रुपये वसूलने का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचार : गांव शंभूपुर निवासी 18 वर्षीय हैप्पी पुत्र लालाराम हरदोई के कुछ लोगों पकड़कर ले गए थे। आरोप है कि आरोपी ने 40 हजार रुपये वसूल लिए। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी युवक को छोड़कर भाग गए। लालाराम ने पुवायां पुलिस को बताया कि रविवार को उनका बेटा गांव के ही एक अन्य युवक के साथ सोलर पैनल लगाने के लिए हरदोई गया था। हरदोई में कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया था। आरोपियों ने हैप्पी के मोबाइल से परिजनों को कॉल करके 40 हजार रुपये मंगवा लिए थे। इसके बाद हैप्पी का मोबाइल बंद हो गया। पुवायां पुलिस शाहाबाद गयी तो उसे छोड़कर भाग गए।

# ससुराल में युवक का फंदे से लटका मिला शव

## पत्नी बदायूं में आशा वर्कर, ससुराल में रह रहा था युवक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मौके पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र में एक व्यक्ति ने मकान के कुंडे में दुपट्टे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली है। वह पांच साल से ससुराल में रह रहा था। उसकी पत्नी आशा वर्कर है और बच्चों के साथ अपनी ससुराल बदायूं में रह रही थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बदायूं जिले के उसावां थाना क्षेत्र के गांव अस्तरमई निवासी 40 वर्षीय नरसिंह की शादी कई साल पहले रेनू देवी निवासी भुड़िया भूड़ थाना जलालाबाद के साथ हुई थी। उसकी पत्नी बदायूं आशा वर्कर है। वह बच्चों के साथ अपनी ससुराल में रहती है। वह यहां पर अकेले रहता था और अलग मकान गांव के बाहर बना रखा था। रविवार की रात उसने मकान के बरामदे में कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। गांव वाले सुबह छह बजे खेत पर गए तो देखा कि मकान का दरवाजा खुला था। नरसिंह कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ था। सूचना मिलने पर मृतक का ससुर रामबरन मौके पर पहुंचा और देखा कि नरसिंह का शव फंदे से लटका हुआ था। उन्होंने जलालाबाद थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतार लिया। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह यहां पर अकेले रहता था और उसकी पुत्रवधू रेनू देवी अपनी ससुराल बदायूं में बच्चों के साथ रहती है। वह वहां पर आशा वर्कर है। मृतक नरसिंह शराब का आदी थी और किसी की बात नहीं सुनता था। मृतक का मोबाइल गायब है। मृतक अपने पीछे रेनू दंवी, दो बेटे और एक



शोक में डूबे परिजन। ● अमृत विचार

बेटी छोड़ गया है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। फोरेंसिंह टीम ने मौके पर जाकर जांच करके नमूना लिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया में आत्महत्या है।

### महिला ने कमरे में फंदा लगाकर दी जान

**कांट / शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव धौरेरा निवासी जगदीश सोमवार की सुबह पांच बजे खेत पर गेहूं की फसल कटवाने के लिए चला गया। उसकी पत्नी 30 वर्षीय कुसमा घर पर थी।

इस दौरान महिला ने कमरे में कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर लटक गयी और मौत हो गयी। उसका पति सुबह 10 बजे खेत से लौटकर आया तो देखा कि उसकी पत्नी का शव लटका हुआ था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार लिया। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच करके नमूना लिया। बताते है कि पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और उसके मायके वालों को सूचना दे दी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# समस्याओं का निस्तारण पहली प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नवागत नगर आयुक्त सौम्या गुरूरानी ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता होगी। निवर्तमान नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा व अन्य ने नवागत सौम्या गुरूरानी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों का आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

आईएएस सौम्या गुरूरानी को डॉ. मिश्रा के स्थान पर शाहजहांपुर का नगर आयुक्त नियुक्त किया गया। सोमवार को अपरान्ह दो बजे नगर निगम कार्यालय पहुंचने पर निगम के अधिकारियों ने उनका बुके देर स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि वह हरदोई में मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज में जॉइंट मजिस्ट्रेट और मेरठ में अंडर ट्रेनिंग रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता नगर निगम क्षेत्र



नगर आयुक्त सौम्या गुरूरानी का बुके देकर स्वागत करते डा बिपिन कुमार।

● **नवागत नगर आयुक्त सौम्या गुरूरानी ने संभाला कार्यभार**

की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना, पेयजल आपूर्ति में सुधार लाना और जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। इसके अलावा शासन की प्राथमिकताओं वाले विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। उनका लक्ष्य नगर निगम प्रशासन की छवि को बेहतर बनाना और जनता का विश्वास बनाए रखना है। उन्होंने नगर निगम की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। वहीं, विपिन कुमार मिश्र ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### पीएम श्री जीआईसी में मेधावी छात्रों को परीक्षाफल वितरित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में सोमवार को कक्षा 6, 7, 8, 9 व 11 के छात्रों को परीक्षा फल वितरित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने प्रत्येक कक्षा के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही जीवन में प्रकाश फैलता है। छात्र अपने अभिभावकों और शिक्षकों का आदर व सम्मान करते हुए शिक्षा ग्रहण करें।

तभी उन्हें सफलता मिलेगी। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



मेधावी छात्रों को परीक्षा फल वितरित करते प्रधानाचार्य अनिल कुमार

## तीसरे प्रयास में ईशा बनीं बीडीओ, प्रदेश में 12वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर की ईशा हर्षिता ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में प्रदेश में 12वीं रैंक हासिल कर खंड विकास अधिकारी पद पर चयन सुनिश्चित किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और जिले में खुशी का माहौल है। यह उनका तीसरा प्रयास था और लगातार तीसरी बार वह इंटरव्यू तक पहुंचीं, जबकि इससे पहले वर्ष 2022 और 2023 में अंतिम चयन से चूक गई थीं। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार प्रयास जारी रखा। ईशा जीएफ कॉलेज में भौतिकी के प्रोफेसर डॉ. एसएन अग्निहोत्री की पुत्री हैं। उन्हें सिविल सेवा में जाने की प्रेरणा पिता से मिली, जबकि मां वी कांती अग्निहोत्री का विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। कठिन समय में परिवार का साथ मिलने से उन्होंने अपने लक्ष्य पर ध्यान बनाए रखा।



बीडीओ पद पर चयनित ईशा हर्षिता को बधाई देते अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार।

उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा तक्षशिला पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज से गणित में स्नातक और हंसराज कॉलेज से गणित में परास्नातक किया। उनकी सफलता में बहनों पूजा अग्निहोत्री और ईला हरितमा का भी सहयोग रहा। सफलता की जानकारी मिलने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार अपनी पत्नी के साथ उनके आवास पहुंचे और शुभकामनाएं दीं। परिवार भावुक नजर आया और मां की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।

### ससुराल में गए युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव कोयला ज्ञानपुर निवासी 21 वर्षीय हिमांशु की रविवार की शाम संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। पिता श्रीकृष्ण ने अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि हिमांशु उनका इकलौता बेटा था। पिछले साल 14 अप्रैल की शादी उसके बेटे की शादी हरदोई थाना शाहाबाद क्षेत्र की रहने वाली आशा के साथ हुई थी। पिछले दिन बहु मायके में थी। रविवार की दोपहर उसका बेटा पत्नी को लेने ससुराल गया था। शाम को फोन आया कि झगड़ा हो रहा है। बताते है कि हिमांशु ने जहरीला पदार्थ खा लिया। वह शाहाबाद पहुंचे तो पता चला कि ससुराल वाले यहां मेडिकल कालेज लेकर आ गए है। उसके बेटे की मौत हो गयी। ससुराल वाले उसका शव छोड़कर चले गए। उसका बेटा दिल्ली में काम करता था और तीन दिन पूर्व आया था।

# एएसपी सिटी के सामने संभावी की मां रो पड़ी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चिनौर गांव में शिक्षिका संभावी शुक्ला की मौत के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर मां एएसपी सिटी के सामने फफक-फफककर रो पड़ी। साहब, मेरी बेटी की मौत का आरोपी कब गिरफ्तार होगा। एएसपी सिटी ने सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक को शीघ्र गिरफ्तार करने के आदेश दिए है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी निर्मला देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि छह माह पूर्व उसकी पुत्री संभावी शुक्ला ने बताया था कि प्रखर बाजपेयी निवासी चौक कोतवाली को जानता है। वह उसकी पुत्री से शादी करना चाहता है। उसकी पुत्री पुवायां क्षेत्र में एक स्कूल शिक्षिका थी। वह बेटी की शादी के सिलसिले में आरोपी प्रखर बाजपेयी के परिवार वालों से मिली थी। आरोपी के परिवार



एएसपी सिटी से मिलती संभावी शुक्ला की मां। ● अमृत विचार

वालों ने कार और पांच लाख रुपये की मांग की थी। आरोपी उसकी पुत्री से फोन पर बराबर बातचीत करता था। उसकी पुत्री आरोपी ने काफी रिश्ता नजदीक बना लिया था। आरोप है कि 12 फरवरी को आरोपी की उसकी पुत्री से कहासुनी हुई और आत्महत्या के लिए प्रेरित किया था। उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। मृतका संभावी शुक्ला की मां निर्मला अपने पति के साथ एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार से मिली ओर उनके सामने फफक-फफककर रो पड़ी। उसने बताया कि डेढ़ माह से अधिक समय हो गया है और आरोपी शिखर गिरफ्तार नहीं किया गया है। आरोपी खुले आम घूम रहा है। पीड़िता ने कहा कि घटना की विवेचना दूसरे थाना से करायी जाए और आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ तो मुख्यंत्री के दरवार में जाकर मिलेगी। एएसपी सिटी ने निर्देश दिए कि आरोपी को खिलाफ गिरफ्तार किया जाए।

● **साहब, आरोपी कब गिरफ्तार होगा, खुले आम घूम रहा है**

● **संभावी शुक्ला की मौत मामले में नहीं हो सकी गिरफ्तारी**

### भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी

भारतीय किसान यूनियन परिवर्तन वादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव एएसपी सिटी से संभावी शुक्ला प्रकरण में मिले। उन्होंने कहा कि आरोपी खुलेआम घूम रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र नहीं हुई तो यूनियन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। एएसपी सिटी से मिलने वाले कांती सिंह, सांदान सिंह, प्रतिपाल सिंह, उमेश चंद्र आदि थे।

## फ्लाईओवरों की मरम्मत से चमका बाईपास

कार्यालय संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर के बाईपास चौराहे पर फ्लाईओवर के नीचे दीवार में दरार दिखने के बाद संबंधित संस्था ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मरम्मत का काम पूरा करा दिया। दरार सामने आने के बाद मामला प्रमुखता से उठने पर एनएचआईटी के ब्रिज मैनेजर रंजन सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए।

इसके बाद तहसील क्षेत्र के हुलास नगला, मीरानपुर कटरा, नगर चौराहा, तिलहर बाईपास चौराहा, बंथरा और रोहिलखंड

● **खबर के बाद सक्रिय हुई संस्था, सभी पुलों की जांच और सुधार**

● **दीवार में दरार दिखने पर शुरू हुआ काम**

राजकीय मेडिकल कॉलेज के पास स्थित फ्लाईओवरों का विशेषज्ञों की ओर से निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के बाद सभी स्थानों पर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया गया और साथ ही रंगाई-पुताई का काम भी पूरा किया गया। ब्रिज मैनेजर रंजन सिंह ने बताया कि बरेली से सीतापुर तक सभी फ्लाईओवरों की मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है और अधिकांश स्थानों पर नीचे के गाटरों की रंगाई-पुताई भी कर दी गई है।

### उपजिलाधिकारी ने किया वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

**पुवायां, अमृत विचार:** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कहमारा में सोमवार को वार्षिकोत्सव और परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी उपजिलाधिकारी चित्रा निर्वाल और खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने बच्चों को मेहनत कर सफलता पाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में अभिभावकों की उपस्थिति रही। गांव आंवा दुगैया में राशन विक्रेता मनोज मिश्रा ने बच्चों को परिणाम वितरण के साथ पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

## चिलौआ का पौराणिक काली मां का मेला आज से

संवाददाता, अल्हागंज

**अमृत विचार :** क्षेत्र का चिलौआ का काली मां का पौराणिक मेला 31 मार्च से शुरू होकर 3 अप्रैल तक रहेगा। प्रशासन ने सुरक्षा व पेयजल को लेकर मेला समिति के साथ विचार विमर्श किया।

काली मां का यह मेला सनातनियों के लिए बड़े महत्व और श्रद्धा का केंद्र है। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त श्रद्धापूर्वक फरिया ओढ़नियां प्रसाद बीरा बतासा उनको भेंट करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर पर नवजात शिशुओं के मुंडन संस्कार भी आस्था का बड़ा प्रमाण माने जाते हैं। पेयजल के लिए मेला समिति ने व्यापक व्यवस्था की है। सुरक्षा

● **3 अप्रैल तक रहेगा मेला, फरिया ओढ़निया चढ़ाने का महत्व**

व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क है। इनके सहयोग के लिए मेला समिति के स्वयंसेवक तैयार रहते हैं।

पुलिस प्रशासन ने वहां अपना कैंप लगा दिया है। विद्युत सप्लाई के लिए लाइन (केबिल) डाली जा चुकी है। सौंदर्य प्रसाधन की गैलरी की बैरिकेडिंग की जा रही है। मेले में कुश्ती का दंगल भी होता है। इसमें दूर-दूर से पहलवान दांव लगाने आते हैं। विजेताओं को दर्शकों और मेला समिति की तरफ से पुरस्कार किया जाता है। हाईवे से मेला मंदिर तक डामर सड़क और यातायात के सभी साधन उपलब्ध हैं।

# महिला की मौत, पति व तीन घायल

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पुवायां क्षेत्र में मोहम्मदी रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी, जिससे एक बाइक पर सवार दंपति घायल हो गए। घायल दंपति को सीएचसी पर लाया गया।गया। जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उसके पति का उपचार चल रहा है। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो लोग भी घायल हो गए है। पुवायां थाना क्षेत्र के मोहल्ला देवस्थान निवासी कमल प्रकाश विद्या भारती जन शिक्षा संस्थान के जिला निरीक्षक है। वह अपनी पत्नी 55 वर्षीय कांति देवी के साथ लखीमपुर के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के



मृतक कांति देवी।

गांव पिपरिया गए थे। पिपरिया गांव में उसके भतीजे का जनेऊ था। दोनों लोग जनेऊ कार्यक्रम से मोहम्मदी से रविवार की रात 11 बजे बाइक से पुवायां लौट रहे थे। पुवायां- मोहम्मदी रोड पर खिरखिडी मोड़ पर दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार कांति देवी और उसका पति कमल प्रकाश घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार छोटू यादव व रिश्ते में चाचा ओमपाल सैजना थाना सिंधौली घायल हो गए।

### घायल व्यक्ति की मौत

खुदागंज। थाना क्षेत्र के गांव इंदरपुर निवासी 60 वर्षीय सकीना 7 जनवरी को अपने बेटे के साथ बाइक से खुदागंज से अपने गांव आ रही थी। कुचई घाट के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे महिला घायल हो गयी और उसके बेटे के मामूली चोट आई थी। परिवार वाले कुछ दिन इलाज कराके अस्पताल से अपने घर ले आए थे। महिला की घर पर मौत हो गयी। मौत की खबर परिवार में रोना पीटना मच गया। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी।

### हादसे में घायल ग्रामीण की मौत

निगोही। थाना क्षेत्र के गांव रेभा निवासी 60 वर्षीय शिव स्वरूप साइकिल से टिकरी गांव गए थे। वह रात आठ बजे साइकिल से टिकरी गांव से अपने गांव लौट रहे थे। टिकरी रेलवे क्रासिंग पर ई-रिक्शा ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे घायल हो गए। घायल को सीएचसी पर ले गए। डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

# पीपल काटने के प्रकरण में बयान दर्ज

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने सोमवार को पीपल काटे जाने और स्थानीय लोगों के जरिए मजदूरों को बंधक बनाए जाने की खबर प्रकाशित होने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से वार्ता की और उनके बयान दर्ज किए।

इस दौरान सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि यह पीपल का पेड़ काफी पुराना है। इसे न काटा जाए। पीपल का वृक्ष काटे जाने के लिए मजदूर को भेजे जाने में नगर के एक बर्तन व्यापारी का नाम स्थानीय लोगों ने लिया है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने बर्तन व्यापारी की दुकान पर पहुंचकर जांच पड़ताल की, लेकिन व्यापारी दुकान पर मौजूद नहीं था।



तिलहर में पीपल का पेड़ काटे की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करते कोतवाली प्रभारी। ● अमृत विचार

● **तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरगंज का मामला**

कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने स्थानीय लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि यदि इस पीपल के वृक्ष को काटने का अब कोई प्रयास करें तो वह पुलिस को सूचना दें। कोतवाली प्रभारी ने सख्त लहजे में कहा कि धार्मिक चबूतरे और पीपल के वृक्ष को कोई नहीं हटाएगा। उन्होंने कहा कि प्लॉट का मालिक अपना निर्माण पीपल के स्थान को छोड़कर कर सकता है।

### एडीएम प्रशासन ने सरकारी केंद्रों का किया निरीक्षण

**तिलहर, अमृत विचार :** सोमवार को एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने नवीन गल्ला मंडी के परिसर में लगाए गए 19 गेहूं का केंद्रों की हकीकत को जमीन पर परखा। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने नवीन गल्ला मंडी के अंदर लगाए गए आरएफसी सहित तमाम गेहूं खरीद केंद्रों पर पहुंचकर मंडी प्रशासन से उन्हें उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सख्त लहजे में निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप इस बार भी गेहूं की खरीद हमें सीधे किसानों से करनी है। एडीएम प्रशासन ने इस दौरान क्षेत्र के किसानों से भी अपील करते हुए कहा कि अपने गेहूं की फसल की उचित मूल्य हासिल करने के लिए वह उसे सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर लेकर आए।

# परीक्षा फल पाकर खिले छात्रों के चेहरे



उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहबाज नगर में परीक्षाफल वितरित करते ग्राम प्रधान महेश चंद्र गौतम। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ददरौल के उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहबाज नगर एवं विकासखंड भावल खेड़ा के प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती में परीक्षाफल पाकर सफल छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहबाज नगर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान महेश चंद्र गौतम ने सभी छात्र-छात्राओं से नियमित विद्यालय आकर लगन एवं परिश्रम के साथ शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया। कक्षा 6 में शशि, अनु, माही, मुकेश कुमार, स्वतंत्र एवं गौरव, कक्षा 7 में प्रियांशी, इरम, रेशमा, वीरेन, समर एवं संजय गौतम तथा कक्षा 8 में राजा, पवन, अंश, विपिन, अरुण कुमार, साक्षी, मोनी एवं क्रांति को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रवींद्र पाल प्रजापति, शबाना रहमान, विमलेश तिवारी, राजकौर, महापारा, वासिफ हुसैन, केसर शफीक, अर्शी खानम, गजाला परवीन, अनुराधा सक्सेना, हंसा पाल, तबस्सुम बेगम, पंकज रस्तोगी उपस्थित रहे।

### छात्रों के लिए तिथि भोज का आयोजन

**पुवायां, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र पुवायां के प्राथमिक विद्यालय लखनपुर में सोमवार को परीक्षा परिणाम वितरण के साथ कक्षा 5 उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए तिथि भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजरानी ने छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया और आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा और अभिभावकों की अच्छी मौजूदगी रही। नोडल शिक्षण संकुल रामकृष्ण वर्मा ने अभिभावकों को नई शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष में कम से कम एक बार समुदाय के सहयोग से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने स्कूल चलो अभियान 2026-27 को लेकर शिक्षकों के साथ बैठक की।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# जिले में झोलाछाप का फैला जाल अनाड़ी हाथों में सेहत की कमान

## कार्रवाई के बावजूद नहीं थम रहा फर्जी इलाज का धंधा, एक साल में 20 से ज्यादा पर हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में झोलाछापों का जाल लगातार फैलता जा रहा है और अनाड़ी हाथों में लोगों की सेहत की जिम्मेदारी पहुंच रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्रवाई किए जाने के बावजूद इस अवैध धंधे पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। बीते एक साल में 20 से ज्यादा झोलाछापों पर कार्रवाई की गई, लेकिन इसके बाद भी जिले में 300 से अधिक झोलाछाप सक्रिय बताए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी संख्या सबसे ज्यादा है, जहां लोग मजबूरी में इनसे इलाज कराने को मजबूर हैं।

खुटार क्षेत्र में झोलाछापों की सबसे अधिक शिकायतें सामने आ रही हैं। यहां बिना किसी मान्यता और प्रशिक्षण के लोग क्लीनिक चलाकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिससे लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है। लगातार कार्रवाई के बाद भी कुछ समय के लिए ही स्थिति नियंत्रित होती है और फिर से वही हालात बन जाते हैं, जिससे साफ है कि इस अवैध धंधे पर स्थायी रोक लगाने के लिए सख्त और निरंतर कार्रवाई की जरूरत है। झोलाछापों की बढ़ती संख्या के पीछे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी एक बड़ा कारण बन रही है।

दूरदराज के गांवों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं सीमित होने के कारण लोग मजबूरी में झोलाछापों का सहारा लेते हैं। इसका फायदा उठाकर ये लोग बिना डिग्री और अनुभव के इलाज कर रहे हैं। कई मामलों में गलत इलाज से मरीजों की हालत बिगड़ने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। इसके बावजूद जागरूकता की कमी के कारण लोग जोखिम उठाने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि समय-समय पर अभियान चलाकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, लेकिन जिले में फैले नेटवर्क के कारण पूरी तरह नियंत्रण चुनौती बना हुआ है। जानकारों का मानना है कि केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के बिना इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है।

**कार्रवाई 1**
पांच मई 2025 को निगोही क्षेत्र में झोलाछाप के इलाज से हो रही मरीजों की मौत का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। एसीएमओ डॉ. पीपी श्रीवास्तव ने निगोही कस्बे के एक निजी अस्पताल और ईसापुर गांव में एक झोलाछाप के क्लीनिक को सील कर दिया था।

**कार्रवाई 2**
07 जनवरी 2026 को विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने सीएचसी पर मरीज देख रहे झोलाछाप को पकड़ा था। विधायक मदनापुर सीएचसी पर पहुंचे थे। यहां एक युवक सीट पर बैठकर मरीजों को देख रहा था। पुलिस ने इस मामले में झोलाछाप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी का शांतिभंग में चालान किया गया था।

**कार्रवाई 3**
13 जून 2025 को बंडा क्षेत्र में एमओआईसी की ओर से झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान चलाए गए अभियान में कई जगह से शिकायतें मिलीं। टीम ने छापा भी मारा, लेकिन मौके पर कोई झोलाछाप पकड़ा नहीं गया।

**कार्रवाई 4**
14 सितंबर 2025 को पूरे जिले में झोलाछाप के खिलाफ अभियान चलाया गया। झोलाछाप की तलाश की गई, लेकिन ज्यादातर झोलाछाप अपनी दुकानों पर नहीं मिली, जिसके चलते कार्रवाई नहीं हो सकी।



"जिले में इस समय कितने झोलाछाप होंगे यह कह पाना संभव नहीं है, लेकिन यह संख्या ज्यादा नहीं होगी क्योंकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार झोलाछाप के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। अगर कहीं झोलाछाप फल-फूल रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
-डॉ. विवेक मिश्र, सीएमओ।

# करंट की चपेट में आकर बच्चे की मौत, मां झुलसी

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम हेतमपुर के मजरा सिसैया नगला में सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे करंट लगने से 10 वर्षीय प्रशांत की मौत हो गई, जबकि उसे बचाने पहुंची मां सोनी झुलसकर घायल हो गई। बताया गया कि घर के पीछे मक्का के खेत में पशुओं से बचाव के लिए लगाए गए लोहे के जाल में करंट दौड़ रहा था। प्रशांत ने जैसे ही जाल को छुआ, उसे तेज करंट लगा और वह जमीन पर गिर गया।



मृतक प्रशांत

आवाज सुनकर मां सोनी ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। सूचना पर हल्का इंचार्ज मनीष कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे और दोनों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां हालत गंभीर होने पर फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में प्रशांत ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की बहन प्रांसी, राखी और भाई सूर्यांश का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नगर आयुक्त के तबादले के विरोध में पुतला फूंका



सोमवार को नगर आयुक्त के तबादले का विरोध में पुतला फूंकते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंटर लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त विपिन मिश्रा के तबादले के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता उर्फ मुन्ना हाथ में हंटर लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे और 'मोटा भाई मुर्दाबाद' लिखा पुतला फूंका। दोपहर बाद करीब चार बजे कांग्रेसी जिला कार्यालय पर एकत्रित हुए। इसके बाद वे नगर निगम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पुतले पर 'मोटा भाई मुर्दाबाद' लिखकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने नगर निगम कार्यालय परिसर के अंदर पुतला फूंकने का प्रयास किया तो पुलिस ने पुतला छीनने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेसियों ने उसे आग लगा दी। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता का आरोप है कि नगर आयुक्त विपिन मिश्रा का तबादला गलत तरीके से किया गया है। उन्होंने मांग की है कि विपिन मिश्रा को दोबारा नगर आयुक्त के पद पर नियुक्त किया जाए।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि निवर्तमान नगर आयुक्त ने पूर्व में तोड़ी गई शहीदों की प्रतिमाओं को दोबारा लगवाने का वादा किया था। यह भी कहा था कि पूरे मामले की जांच शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां के नेतृत्व में कराई जाएगी और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। अचानक उनके तबादले की खबर आने से कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। उन्होंने मांग की है कि पुराने नगर आयुक्त को वापस लाया जाए। तबादला निरस्त किया जाए। इस मामले में वही असली दोषियों को सही सजा दिला सकते हैं। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, तसनीम अली खां, तनवीर सफदर, कृष्ण विनोद मिश्रा, बीएन सिंह यादव, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी को नियुक्ति पत्र और स्मार्टफोन बांटे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री के लखनऊ लोक भवन से आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण, स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का लाइव देखा गया।

कार्यक्रम में नवनियुक्त कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को ऑनलाइन चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्ति पत्र दिए। जिले से तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्री और 346 सहायिकाओं का चयन हुआ। इस दौरान स्मार्टफोन और ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस भी वितरित किए गए। विधायक अरविंद कुमार ने नवनियुक्त कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि वह अपने केंद्रों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करें और योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाएं। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने स्मार्टफोन का उपयोग करते हुए पोषण ट्रैकर पर शत प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यहां महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार, डीडीओ ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीनियर सिटीजन को रेडक्रॉस का सहयोग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी कार्यालय में सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के साथ संयुक्त बैठक हुई। रेडक्रॉस सचिव डॉ. विजय जौहरी ने अध्यक्ष सरोज कुमार श्रीवास्तव का बैज और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया और कहा कि रेडक्रॉस सीनियर सिटीजन के लिए सहयोग करता रहेगा। बैठक में निर्णय लिया कि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक बुधवार को रेडक्रॉस कार्यालय में नियमित रूप से प्रयास किए जाएंगे। बैठक में सर्वेश कुमार गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, मीनू वैरागी, पातीराम दीक्षित, सादिक, ओमकार सिंह चौहान, प्रभा सिन्हा, रामलड़ैते कामता त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# विदाई समारोह में भावुक हुए नर्सिंग के छात्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग परिसर में सत्र 2021-25 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह युग अस्तः अंतः का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सत्र 2022-26 के छात्र-छात्राओं की ओर से किया गया।



वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विदाई समारोह के दौरान छात्राएं। ● अमृत विचार

समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पंडित श्यामा राव पवार, उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह और प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। उप-प्रधानाचार्य दीपक पचौरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पंडित श्यामा राव पवार ने कहा कि नर्सिंग केवल पेशा नहीं बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को संवेदनशीलता बनाए रखने की सलाह दी। उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह ने कहा कि नर्स डॉक्टर की दाहिनी भुजा होती है और उसके समर्पण पर मरीज का जीवन निर्भर करता है। प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है और विद्यार्थियों को पेशेवर रूप में विदा करना गर्व की बात है। समारोह में छात्रों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें गायन, नृत्य और लघु नाटिकाओं के माध्यम से कॉलेज जीवन की यादें ताजा की गईं। कनिष्ठ छात्रों ने वरिष्ठों को उपहार और खिताब देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए संस्थान की भूमिका को सराहा। कार्यक्रम के अंत में उप-प्रधानाचार्य दीपक पचौरी ने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। अंत में सामूहिक स्नेह भोज के साथ समारोह का समापन हुआ।

- युग अस्त : अंत : कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दी विदाई

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# मॉक ड्रिल: ट्रेन पटरी से उतरी, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रेलवे कंट्रोल से सूचना दी गई कि रोजा और वनतारा के बीच शाहजहांपुर-सीतापुर-गोंडा पैसेंजर पटरी से उतर गई। अधिकारी व कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे तो पता चला कि मॉक ड्रिल था।

मॉक ड्रिल यह देखा गया कि कौन अधिकारी पहले मौके पर पहुंचे। इस दौरान कई अधिकारी उस समय पहुंचे, जब ट्रेन सीतापुर के लिए चली गयी थी। सोमवार की दोपहर बाद विलंब से शाम छह बजे रेलवे स्टेशन से शाहजहांपुर-सीतापुर पैसेंजर रवाना हुई। इस दौरान करीब छह बजे कंट्रोल ने रोजा और शाहजहांपुर स्टेशन के अधिकारियों और कर्मचारियों की सूचना दी कि रोजा और बरतारा रेलवे स्टेशन के बीच खंभा संख्या 5/12 पटरी से दो बोगियां उतर गई है। रोजा रेलवे स्टेशन पर हुटर बजाया गया। कंट्रोल के मैसेज और हूटर बजने से अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से कैरिज विभाग, पीडब्लू आई, सीएमआई, निर्माण निरीक्षक कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत सीतापुर ब्रांच लाइन पर बाइक से निकल गए। इधर रोजा रेलवे स्टेशन रिलीफ एक्सीडेंट ट्रेन में अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मुरादाबाद से आए सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि मार्क ड्रिल था। सीतापुर पैसेंजर को एक घंटे बाद रवाना किया गया। इस दौरान कई अधिकारी व कर्मचारी जब पहुंचे जब ट्रेन चली गयी।

# परीक्षा परिणाम घोषित, गार्गी बनीं टॉपर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामचंद्र सिंहल, प्रबंधक राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष रमेश चंद्र सक्सेना, कोषाध्यक्ष भुवनेश कुमार गुप्ता और सीमांत मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उप-प्रधानाचार्य बसंत कुमार त्रिवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। परीक्षा प्रमुख पंकज शुक्ला ने परिणाम प्रस्तुत किया।

विद्यालय स्तर पर कक्षा 9 की गार्गी रस्तोगी 97 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, कक्षा 7 के साधक शर्मा 96.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय और कक्षा 6 के कन्हैया मिश्रा 96 प्रतिशत के साथ तृतीय रहे। हिंदी, अंग्रेजी सुलेख, वेशभूषा, वाद-विवाद और रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

खेल में कक्षा 12 के अथर्व प्रताप ने ऊंची कूद में अखिल भारतीय स्तर, कक्षा 11 की नैंसी सिंह ने तीरंदाजी में अखिल भारतीय स्तर और कक्षा 10 के अटल दीक्षित ने बैडमिंटन में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में अध्यक्ष रमेश चंद्र सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।

## संत कृपाल अकेडमी में रिजल्ट डे पर छात्रों का सम्मान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संत कृपाल अकैडमी की दोनों शाखाओं में परीक्षा परिणाम और साल भर की प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। प्री-नर्सरी में अविषा व जयकिशन प्रथम, ख्याति व ध्रुवी द्वितीय और वंश तृतीय रहे। नर्सरी में अनया व अथर्व प्रथम, रिधिमा व मुदस्सिर द्वितीय और शिवांश व केशव तृतीय स्थान पर रहे। केजी में आरम्या व आरोही प्रथम, प्रणब व हुजैफ द्वितीय और आदित्य व अजहान तृतीय रहे। इसी क्रम में अन्य कक्षाओं में विधान, नित्या, देवांश, धैर्य, हादी नवाज, ईशान, उमेर, अश्रिता, नंदनी, अमृत, नीतिका, स्वस्तिका, तूबा, आयरा, शान्वी, इब्राहिम, विनायक, अलविया, कुश, सार्थक, शौर्य, साध्य, प्रियांशी, आन्या, अनफ, शुभनीत, अंश, भक्ति, परिधि और आभा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रबंध निदेशक सुशील रस्तोगी और श्वेता रस्तोगी ने छात्रों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम मेहनत का प्रतिबिंब होता है। कार्यक्रम में अभिभावकों की बड़ी संख्या मौजूद रही। संचालन साइमा, भक्ति और परिधि ने किया।

# रैली निकाल कर जागरूक किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आजाद और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना कर की। रैली में शामिल स्वयंसेवकों ने नारे लगाकर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाई। रैली इंदेपुर नवादा स्थित हनुमान मंदिर के पास शिविर स्थल तक पहुंची। प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आजाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। यहां तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रेमिका से शादी की जिद में टावर पर चढ़ा युवक

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कछयानी खेड़ा गांव में सोमवार को एक युवक प्रेमिका से शादी की जिद में नेशनल हाईवे किनारे स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक की पहचान रामू के रूप में हुई है, जो इलाके की ही एक युवती से प्रेम करता है और परिवार के विरोध के चलते नाराज होकर सुबह करीब 10 बजे टावर पर चढ़ गया। उसने चेतावनी दी कि यदि उसकी शादी प्रेमिका से नहीं कराई गई तो वह टावर से कूदकर जान दे देगा।

सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया गया। इस दौरान युवक के पिता रामपाल, मां ओमवती और भाई सहित परिजन भी मौके पर पहुंचे और फोन के जरिए उसे समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन युवक लड़की को मौके पर बुलाने और शादी कराने के आश्वासन पर ही अड़ा रहा। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव भी मौके पर पहुंचीं और परिजनों के साथ वार्ता कर युवक को समझाने का प्रयास किया।



मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक।

- छह घंटे तक चला ड्रामा, पुलिस और परिजन करते रहे मनाने की कोशिश



मौके पर एकत्र भीड़। ● अमृत विचार

करीब छह घंटे तक चले मान-मनौव्वल के बाद युवती से वीडियो कॉल के जरिए युवक की बात कराई गई और शादी कराने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद रामू टावर से नीचे उतर आया और जमीन पर निढाल होकर लेट गया। पुलिसकर्मियों ने उसे सहारा देकर नीचे लाया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि युवक को स्वास्थ्य लाभ के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मामले में विचार के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कुढ़ा शाहपुर के स्कूल में बांटा गया परीक्षाफल

**कादरचौक, अमृत विचार :** सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुढ़ा शाहपुर के संविलियन विद्यालय में कक्षा 8 व कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं को परीक्षा फल वितरण किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मोहर सिहं कश्यप, नीलम शर्मा प्रशांत गुप्ता, स्वाती सिंह, प्रतिज्ञा कुमारी शर्मा व खेल अनुदेशक ज्ञान प्रकाश उपस्थित रहे।

### डायल 112 पर तैनात सिपाही की मौत

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में डायल 112 पर तैनात सिपाही विजन कुमार जिला संभल के चंदौसी में अपने परिवार के साथ रहते थे। कई दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। सोमवार को नोएडा के अस्पताल में उनकी मौत हो गई। वह कर्तव्यनिष्ठ और व्यवहारिक थे। लोगों केअनुसार वह अपनी कार्यकुशलता के साथ मृदुभाषी और मिलनसार व्यवहार के लिए लोकप्रिय थे। वह लोगों के सुख-दुख में शामिल होते थे। उनकी मौत की खबर सुनकर लोग स्तब्ध हैं। उनके निधन पर साथी पुलिसकर्मियों ने शोक संवेदना व्यक्त की।



मृतक विजन कुमार

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के शिशु शिक्षा सदन जूनियर हाई स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ किया गया। मुख्य अतिथि रजनीकांत अग्रवाल ने छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन की जमकर सराहना की, उन्हें भविष्य में और भी ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में जूनियर वर्ग से अर्चित यादव ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर 'ऑल-राउंडर टॉपर' का खिताब हासिल किया। प्राइमरी वर्ग से युवांश माहेश्वरी 'ऑलराउंडर' घोषित किए गए।

# अब और महंगा हुआ आशियाना बनाना

## भवन निर्माण सामग्री महंगी होने से ठेकेदारों और सामान्य लोगों की बढ़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



- सामग्री की कीमतें बढ़ीं, कई लोगों ने रोके निर्माण कार्य
- निर्माण सामग्री 20 से 25 फीसदी हुई महंगी, मकान बनाना हुआ मुश्किल

**अमृत विचारः** बढ़ती कीमतों की वजह से लोगों को घर बनाना मुश्किल हो रहा है। निर्माण सामग्री 20 से 25 प्रतिशत महंगी हो गई है। इसके चलते ठेकेदार और सामान्य लोगों की परेशानी बढ़ गई है। सरिया सीमेंट आदि के दाम बढ़ने से कुछ लोगों ने निर्माण कार्य रोक दिए हैं।

तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से माल ढुलाई महंगी होती जा रही है। माल ढुलाई की कीमत बढ़ने का असर निर्माण सामग्री पर दिखाई दे रहा है। ईंट से लेकर सरिया और सीमेंट आदि 20 से 25 प्रतिशत महंगा हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि महीने भर में सरिया के दाम 600 से 700 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े हैं, वहीं सीमेंट की कीमतों में भी 10 से 15 रुपये प्रति बोरी का इजाफा हो गया है। निर्माण सामग्री पर बढ़ रही कीमतों के कारण निर्माण कार्य कराने वाले लोगों का बजट बिगड़ता जा रहा है।

ठेकेदारों की भी स्थिति खराब होने लगी है। उन्हें निर्माण कार्य कराने में दिक्कतें आ रही हैं। रिगालिया गार्डन में घर का निर्माण करा रहे अनिल कुमार व मोहित ने बताया कि मकान का जब निर्माण शुरू किया था उसी समय बजट को तय कर लिया था, लेकिन निर्माण सामग्री अब महंगी हो गई है। उन्होंने बताया कि पहले सरिया 5200 रुपए प्रति क्विंटल मिल रही थी, अब सरिया के दाम 5700 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गए हैं। इसी तरह, सीमेंट की एक बोरी 370 रुपए में मिल रही थी, अब 380 में मिल रही है। नामी कंपनियों के सीमेंट की बोरी 400 रुपए में मिल रही है। इससे निर्माण कराने में मुश्किल आ रही है। निर्माण सामग्री पर बढ़ती महंगाई की वजह से कई लोगों ने निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया है या धीमा कर दिया है। लोगों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में निर्माण कार्य की लागत और महंगी हो सकती है, जिससे लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

### ईंट, मौरंग और बालू के भी बढ़े दाम

सरिया और सीमेंट के दाम बढ़ने के साथ साथ ईंट भी महंगी हो गई है। ईंटों के दाम भी सात हजार से बढ़कर 75,000 रुपये प्रति हजार तक पहुंच गए हैं। मौरंग और बालू के दाम भी बढ़े हैं। मौरंग जो 110 रुपए प्रति क्विंटल मिल रही थी, वह अब 120 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई है। बालू भी दो से तीन रुपए महंगी हुई है।

### कोयले के भी बढ़े दाम

ईंट भट्ठा एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि कोयला की कीमत और ढुलाई महंगी होने की वजह से ईंट के दाम बढ़ाने पड़े हैं। अब से 15 दिन पहले ईंट 7 हजार रुपए प्रति हजार बेची जा रही थी, लेकिन कोयला के दाम में 10 हजार रुपए बढ़ गए हैं। अब तक कोयला 15 हजार रुपए प्रति टन मिल रहा था, लेकिन अब 25 से 26 हजार रुपए प्रति टन तक जा पहुंचा है। उन्होंने बताया कि जिले में 230 ईंट भट्ठों का संचालन हो रहा है। इसी तरह कोयला के दाम बढ़ते रहे तो मजबूरी में ईंट पर दाम बढ़ाने पड़ेंगे।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म पर रिपोर्ट दर्ज

**उसहैत, अमृत विचार :** किशोरी के पिता के मानसिक मंदित होने का फायदा उठाकर दो बच्चों का पिता उसके साथ गलत काम करता रहा। किशोरी छह महीने की गर्भवती हो गई। पीड़िता के दादा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना उसहैत क्षेत्र के एक गांव निवासी बुजुर्ग ने तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा मानसिक मंदित है। वह अपनी 16 साल की बेटी और एक छोटे बेटे के साथ उनके घर से कुछ दूरी पर रहता है। एक व्यक्ति ने नातिन को बहला-फुसलाकर उसके साथ कई बार गलत काम किया। एक दिन नातिन ने उन्हें बताया कि वह गर्भवती है। उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। पीड़िता ने बताया कि गांव अजरऊ निवासी व्यक्ति ने उसके साथ डरा-धमकाकर कई बार गलत काम किया। 28 मार्च की रात भी वह किशोरी के घर पर आया। उसने कहा कि किसी से शिकायत की तो वह उसे जान से मार देगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## मौलाना पर फायरिंग करने में मुख्य आरोपी का भाई गिरफ्तार

संवाददाता, कुंवरगांव




पुलिस गिरफ्त में मुख्य आरोपी का भाई

- खुलेआम गांव में घूम रहा मुख्य आरोपी
- 24 मार्च को गांव में ईद मिलने आए मौलाना को देखते ही शुरू कर दी थी फायरिंग

**अमृत विचार :** गांव में ईद मिलने आए मौलाना को देखते ही फायरिंग करने के आरोपी के भाई पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने अपने भाईयों के साथ मिलकर मौलाना पर फायरिंग की थी। आरोपियों के पास से एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ था। आरोप है कि आरोपी गांव में खुलेआम घूम रहा है।

मामला कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव पड़ौलिया का है। 24 मार्च को बरेली निवासी मौलाना रफीक अहमद गांव में अपने परिचितों से ईद मिलने आए थे। वह इस गांव में इमाम रह चुके हैं। गांव निवासी जुल्फिकार पुत्र मेंहदी हसन से विवाद के बाद तकरीबन डेढ़ साल पहले मस्जिद छोड़ दी थी। ईद मिलने आने के दौरान उन्हें देखकर जुल्फिकार ने फायरिंग कर गांव में दहशत फैला दी थी। मौलाना जान बचाकर भाग गए थे। ग्रामीणों के अनुसार जुल्फिकार के कंधे पर कारतूस की पेटी लटकी हुई थी और पौनिया बंदूक से फायर कर रहा था। उप निरीक्षक विनोद कुमार शर्मा, सिपाही धर्मवीर व विजय कुंडू ने जुल्फिकार के भाई मुस्लिम को गांव इमलिया जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिले। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने आरोपी के भाई को गिरफ्तार किया है जबकि उसका आरोपी भाई गांव में खुलेआम घूम रहा है।

# दहेमू के स्कूल में हुई शिक्षा चौपाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं




शिक्षा चौपाल में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि • अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र उझानी के उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेमू में सोमवार को शिक्षा चौपाल एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी उझानी प्रशांत सिंह राठौर व अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ शाखा अरविंद दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा चौपाल शासन की महत्वपूर्ण पहल है। समीउद्दीन, संजीव गंगवार, इरम परवीन, शीला बैस व मोनिका ने निपुण भारत मिशन, कायाकल्प, पेटीएम, एसएमसी, बाल वाटिका के बारे में विस्तृत चर्चा की। न्याय पंचायत दहेमू के नोडल शिक्षक संकुल मनीष कुमार ने बुनियादी भाषाई व गणितीय दक्षताओं की जीवन में उपादेयता व शैक्षणिक गतिविधियों और शिक्षा के दीर्घकालीन महत्व के बारे में बात की। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने बच्चों को निरन्तर आगे बढ़ने का आहवान किया। इसके उपरांत विद्यालय का परीक्षा फल घोषित किया गया, जिसमें कक्षा 8 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः कशिश, रोशनी व कल्पना ने कक्षा 7 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः अर्जुन, डिम्पल व सुशांत तोमर ने कक्षा 6 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः महक, आरोही तोमर व कुसुम ने प्राप्त किया। शत-प्रतिशत उपस्थिति व राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों को भी सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक संकुल रामू, आशुतोष प्रताप व मृदुल एस लाल को भी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। न्याय पंचायत दहेमू के उच्च प्राथमिक विद्यालय पीर खंदना के अध्यापक राघवेंद्र शर्मा व प्राथमिक फूलपुर प्रधानाध्यापक छोटे लाल को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई।

## खेत देखने गए युवक को तमंचे की बट से पीटा

**विजय नगला, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी निवासी संजीव कुमार पुत्र सतीश चंद्र ने एसएसपी को पत्र के जरिये खुद के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। दिये गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि बिनावर थाना क्षेत्र के गांव रहमा में उनका खेत है। वह फसल देखने के लिए अक्सर खेत पर जाते रहते हैं। गांव निवासी चार लोग उनके पास आए और गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने उन पर हमला कर दिया। तमंचे की बट और लाठी-डंडों से पीटा। शोर सुनकर आस-पास खेतों पर काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। शिकायत करने पर पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा लेकिन आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की। वह लोग अक्सर धमका रहे हैं।

# अभियान में 43 करोड़ की वसूली

- ढाई हजार बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से एक मार्च से शुरू किए गए राजस्व वसूली महाअभियान के अंतर्गत जिले में 30 मार्च तक 43 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया हुआ। साथ ही पंजीकरण करने के बाद भी पूरा बिल जमा नहीं कराने वाले ढाई हजार बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए।

अभियान के तहत विभाग ने बड़े बकायेदारों पर सख्ती की। साथ ही, सरकारी विभागों पर भी शिकंजा कसा। स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग पर करोड़ों का बकाये के लिए बकाया राशि वसूलने का अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभाग ने 30 मार्च तक करीब 43 करोड़ का राजस्व वसूला। इसके साथ ही बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बिजली बिल राहत योजना का लाभ लेने को जिन उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराने के बाद आधा-अधूरा बिल जमा किया, उनके कनेक्शन काट दिए गए। बताया गया कि योजना में 6,800 उपभोक्ताओं ने अपना पंजीकरण कराया जिसमे से करीब 4200 उपभोक्ताओं ने बिल जमा किया जबकि ढाई हजार उपभोक्ताओं ने पूरा बिल जमा नहीं किया, जिससे उनके कनेक्शन काट दिए गए। अब इन बकायेदारों को पहले पूरा बिल जमा करना होगा। उसके बाद उसका कनेक्शन चालू किया जाएगा।

### न्याय विभाग से जमा किए गए 77 लाख रुपये



शासन स्तर से चलाए गए राजस्व वसूली महाअभियान के तहत जनपद की विभिन्न अदालतों से करीब 77 लाख का राजस्व जमा कराया गया। फिर भी कुछ बकाया है जिसे जल्द जमा करने को कहा गया है। इसी तरह स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग पर भी करोड़ों का बकाया था जिसमें से कुछ रकम जमा की गई है। इन विभागों को निर्देशित किया गया है कि बकाया जमाकर रसीद दिखाएं जिससे उनके कनेक्शन चालू रखे जा सकें।

### विद्युत लाइनों का 87 प्रतिशत पूरा हुआ काम

बिजली विभाग ने गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली देने को करीब 87 प्रतिशत विद्युत लाइनों की मरम्मत पूरी कर ली है जबकि शेष कार्य पन्द्रह दिन में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जर्जर और झूलती लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जा रहा है जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी में दिक्कत न हो। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों को वरीयता के आधार पर निस्तारण करने को निर्देशित किया गया है।

> राजस्व वसूली महाअभियान के तहत मार्च महीने में 43 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो एक बड़ी सफलता है। विभाग ने उपभोक्ताओं के बीच पहुंचकर बिल जमा कराए हैं। उन्हें नियमित बिल जमा करने को प्रेरित किया है जिससे बिल जमा करने की स्थिति में सुधार हुआ है।
>
> **चंद्रशेखर कुमार** - अधीक्षण अभियंता

# बाइक और टेंपो की भिड़ंत में युवक की मौत

संवाददाता, इस्लामनगर

- रविवार देर रात थाना इस्लामनगर क्षेत्र में ज्यारत मोड़ पर हुआ था हादसा

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सिठौली स्थित ज्यारत मोड़ पर रविवार देर रात टेंपो और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों में चीत्कार मचा है।



मृतक अजीत कुमार

गांव सिठौली निवासी अजीत कुमार (35) पुत्र जमुना लाल गांवों में पशुओं का इलाज करते थे। रविवार रात वह चंदौसी की ओर से बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह रात लगभग साढ़े नौ बजे गांव के पास ज्यारत मोड़ पर पहुंचे, सामने से आ रहे टेंपो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अजीत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने टेंपो को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचित किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजीत कुमार के दो छोटे बच्चे हैं। पूरे गांव में शोक है।

# घर में घुसकर बहनों पर किया हमला

- वीडियो सामने आने पर तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** कस्बा फैजगंज बेहटा के वार्ड दो में एक युवक अपने बेटों के साथ मिलकर पड़ोसी के घर में घुस गए और धावा बोल दिया। आरोपियों ने वहां मौजूद दो बहनों के साथ अभद्रता की और लाठी-डंडों से पीटकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल किया। मामला दो समुदाय के बीच का होने की वजह से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पीड़ित काजल पुत्री विद्याराम ने पुलिस को बताया कि घटना के समय उनके माता-पिता घर पर नहीं थे। इसी का फायदा उठाकर पड़ोसी भूरा और शेख ने उन पर चोरी का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। काजल ने विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद भूरा व शेख अपने बेटे आरिफ, तस्लीम और निजामुद्दीन के साथ लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए। काजल और उनकी छोटी बहन निकिता के साथ बदसलूकी और जमकर मारपीट की। हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर जब मोहल्ले के लोग एकत्र होने लगे तो आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बहनों को ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी निजामुद्दीन और आरिफ को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है।



युवती से मारपीट करता आरोपी।



मारपीट में घायल काजल।




## इंतजार

**जिले में गेहूं खरीद के लिए बनाए गए हैं 105 क्रय केंद्र**

# खेत पर खड़ी गेहूं की फसल, केंद्रों पर पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कटाई हुई शुरू लेकिन केंद्रों पर तक पहुंचने में लगेगा सप्ताह भर का समय
- इस बार किसानों को सफाई मद जोड़कर 2605 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगा भुगतान

**अमृत विचारः** जिले में गेहूं की कटाई शुरू होने के साथ खरीद प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। खरीद के लिए 105 क्रय केंद्र स्थापित किए हैं। पहले दिन इन केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। अधिकारियों का कहना है कि गेहूं को खरीद केंद्रों तक पहुंचने में सप्ताह भर का समय और लगेगा। व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। इस बार किसानों को सफाई मद का जोड़कर 2605 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा।

शासन ओर से गेहूं खरीद की प्रक्रिया मार्च माह प्रथम सप्ताह में शुरू कर दी गई थी। शासन के आदेश पर विपणन विभाग की ओर से विभिन्न एजेंसियों के 105 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। खेतों में फसल खड़ी होने की वजह से खरीद प्रक्रिया को 19 मार्च तक स्थगित कर दिया गया था, लेकिन कटाई शुरू न होने की वजह से खरीद प्रक्रिया दोबारा से 30 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई।

अब गेहूं की कटाई शुरू हो गई है। साथ ही, खरीद प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पहले दिन क्रय केंद्रों पर किसानों के न आने से सन्नाटा पसरा रहा। विपणन विभाग की ओर से ककराला रोड स्थित मंडी समिति में गेहूं खरीद के लिए दो क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें एक खाद्य एवं रसद विभाग और दूसरा यूपीएसएस का स्थापित किया गया है। दोनों ही क्रय केंद्रों पर खरीद को लेकर कोई तैयारी नहीं दिखी। वहां पर क्रय केंद्र प्रभारी तक उपस्थित नहीं थे। दीवार पर बैनर जरुर टंगा दिखाई दे रहा था। ऐसा ही हाल अन्य क्रय केंद्रों का रहा। क्रय केंद्रों पर ऐसी स्थिति होने की वजह अभी खेतों में गेहूं तैयार नहीं है। कटाई शुरू हो गई है, लेकिन आने में अभी सप्ताह भर का समय लगेगा। अधिकारियों का कहना है अभी गेहूं आने कुछ समय और लगेगा, तक तक क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विपणन अधिकारी कहना है कि अभी तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। इस बार 2585 प्रति क्विंटल एमएसपी के साथ 20 रुपए सफाई मद में जोड़कर 2605 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा।

### अब तक 800 किसानों ने कराया है पंजीकरण

विपणन विभाग के अधिकारियों के अनुसार क्रय केंद्रों पर किसानों के न आने के पीछे फसल तैयार न होना है। अभी किसानों का पंजीकरण किया रहा है। अब तक करीब 800 किसानों ने पंजीकरण कराया है। जिन किसानों के द्वारा गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया गया है, उनका ही गेहूं खरीदा जाएगा। खरीद के बाद भुगतान 48 घंटे में किया जाएगा।

### इस बार बंपर पैदावार की उम्मीद

किसानों का कहना है कि मौसम ने अंतिम समय तक साथ दिया तो इस बार गेहूं की बंपर पैदावार होने की उम्मीद है वहीं बाजार भाव भी अच्छे रहने की उम्मीद है। इससे किसानों को अच्छा लाभ होगा। इस बार मौसम अनुकूल रहने से क्षेत्र में गेहूं की फसल अच्छी पैदावार देगी।

> गेहूं खरीद शुरू हो गई है। 105 क्रय केंद्र बनाए हैं। केंद्रों पर व्यवस्थाएं सही कराई जा रही हैं। अगर मंडी समिति खरीद केंद्र पर अब तक खरीद को लेकर कोई व्यवस्था नहीं हो सकी है। इसकी जानकारी विपणन अधिकारी से व्यवस्थाएं पूरी करने को कहा जाएगा।
>
> **डॉ वैभव शर्मा**, एडीएम वित्त एवं राजस्व

# टाइफाइड और बुखार के मरीजों की बढ़ रही संख्या

## अस्पताल में एक हजार से अधिक मरीजों ने डॉक्टरों से ली दवा, भारी भीड़ के चलते होती रही धक्का-मुक्की, मरीज रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सोमवार को गांव देहात से आने वाले बुखार व टाइफाइड के मरीजों की भारी भीड़ रही। करीब एक हजार से अधिक मरीजों ने दोपहर तक पर्चे बनवाए जबकि बाद में भी पर्चे बनाए गए। ओपीडी में मरीज लाइन में लगे रहे। भीड़ के चलते धक्का-मुक्की भी होती रही।

अस्पताल में सुबह आठ बजे से मरीज पहुंचने शुरू हो गए थे। पर्चा काउंटर पर भी काम शुरू कर दिया गया था। लेकिन कुछ ही देर में मरीजों की दोहरी लाइन लगने लगी। इसके बाद धक्का-मुक्की भी शुरू हो गई। गांव-देहात से आने वाले मरीजों ने बुखार की दवा ली जबकि 34 मरीजों ने टाइफाइड की दवा ली। बुखार और टाइफाइड के मरीजों की भीड़ अधिक रहने के कारण डॉक्टरों ने ब्लड चेक कराने को लिखा।

डा. स्वतंत्र पाल सिंह ने बताया कि अब गर्मी में तेजी आते ही बुखार और टाइफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। उन्होंने 34 टाइफाइड के मरीजों को दवा लिखी जबकि बुखार पीड़ितों की संख्या भी सौ से अधिक रही।


ओपीडी के बाहर लाइन में लगे मरीज ● अमृत विचार

● **भारी भीड़ के चलते होती रही धक्का-मुक्की, मरीज रहे परेशान**

जिला अस्पताल में बुखार पीड़ितों का ब्लड चेक करा कर दवा लिखी गई। डॉक्टरों के अनुसार करीब दो सौ बुखार पीड़ितों को पिछली रिपोर्ट देख कर दवा लिखी गई जबकि सौ से अधिक मरीजों का ब्लड टेस्ट कराया गया। गर्मी का असर अब गांव देहात में दिखने लगा है। मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

> जिला अस्पताल में हर तरह की सुविधा है। स्ट्रेचर मांगने पर मिलते हैं। लेकिन कुछ लोग अपने परिजनों को खुद ही उठाकर ले जाते हैं। ऐसे में अस्पताल प्रशासन का दोष नहीं है। लोगों को पता है फिर भी सुविधा मांगने में संकोच करते हैं।
>
> **डा. अमित वार्ष्णेय, सीएमएस**

### ब्लड जांच करने को मिली दूसरी मशीन

जिला अस्पताल को आज ब्लड की जांच करने को एक और मशीन मिल गई। फिलहाल मशीन गोदाम में रखी है। मशीन को चालू करने पर ब्लड की जांच अब तेजी से की जाएगी। जिला अस्पताल के सीएमएस डा. अमित वार्ष्णेय ने बताया कि आईपीएचएल की एक मशीन आज मिल गई है। यह मशीन ऑटोमेटिक एनालाइजर है जिससे मरीजों के ब्लड की जांच की जाती है। दूसरी मशीन मिल जाने से मरीजों के ब्लड की जांच में तेजी आएगी। भीड़ नहीं लगेगी। जांच रिपोर्ट भी जल्द मिलेगी।

### दिव्यांग को नहीं मिली व्हीलचेयर, बाप के कंधे पर गई किशोरी

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। दिव्यांग मरीजों को अपने भाई-बाप के कंधों पर आना जाना पड़ रहा है। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चिकित्सक के पास पहुंची दिव्यांग किशोरी को व्हीलचेयर नहीं मिली जिससे किशोरी अपने बाप के कंधों पर बैठकर चिकित्सक के पास तक पहुंची। इस तरह के दृश्य हर दिन देखने को मिलते हैं। जिला अस्पताल में स्ट्रेचर और व्हील चेयर लाने ले जाने वाले करीब 48 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। फिर भी दिव्यांग मरीजों को समय पर न तो व्हील चेयर मिलती है और न ही स्ट्रेचर मिलता है जिससे यह लोग अपने परिजनों के कंधों का सहारा लेते हैं। शेखूपुर निवासी 17 साल की सरिता सौ प्रतिशत पैरों से दिव्यांग है। उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बना है। इसलिए दिव्यांग सरिता आज अपने पिता वीरपाल के साथ जिला अस्पताल पहुंची। वीरपाल ने दिव्यांग पुत्री को अपने कंधों पर बिठाकर ओपीडी तक पहुंचाया वहां पर चिकित्सक को दिखाने के बाद भी वीरपाल को व्हीलचेयर नहीं दी गई जिससे वह अपनी दिव्यांग पुत्री को फिर पीठ पर लादकर बाहर ले गए। वीरपाल ने बताया कि चिकित्सकों ने ठीक से देखा भी नहीं। चिकित्सकों का कहना था कि अब कुछ नहीं हो सकता। परेशान किशोरी किसी तरह अपने परिजनों के साथ घर चली गई। जिला अस्पताल में इस तरह के दृश्य हर दिन देखने को मिलते हैं।


बाप के कंधों पर जा रही दिव्यांग किशोरी ● अमृत विचार

### दो बाइक की भिड़ंत में टेंट हाउस मालिक की मौत

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिजनौर-बदायूं हाईवे पर गांव नगला डल्लू के पास सोमवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल हुए एक टेंट हाउस स्वामी की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक सवार मामूली रूप से घायल हो गया। वह मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव सिरतौल निवासी पप्पू (50) पुत्र अल्लाह नूर गांव में ही टेंट हाउस का संचालन करते थे। सोमवार को बिल्सी कस्बे से दवा लेकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह नगला डल्लू के पास हाईवे पर पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पप्पू के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उपनिरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि फरार बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला की मौत मायका पक्ष के कहने पर हुआ पोस्टमार्टम

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव बेहटा जबी में रविवार रात एक महिला की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। गांव निवासी विमल कुमार की पत्नी किरण (22) बीमार चल रही थीं। रविवार रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना महिला के मायका पक्ष को दी गई। वह गांव पहुंचे। मौत को संदिग्ध बताते हुए पोस्टमार्टम कराने की मांग की। बिल्सी कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

### दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में महिला की मौत

**दातागंज, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र में आजमपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। गांव पट्टी मझरा निवासी नवादा मधुकर अंगूरी देवी पत्नी लुकई सोमवार दोपहर अपने नाती गुड्डू पुत्र श्याम पाल के साथ दवा लेने दातागंज आ रही थीं। आजमपुर से दियूरी मार्ग पर सामने से तेज रफ्तार से आई बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। अंगूरी देवी सड़क पर जा गिरीं और टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से भाग गया। घायल महिला को सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### जनपद में 30 मई तक धारा 163 लागू

**बदायूं, अमृत विचार :** जिले में महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, डॉ भीमराव अम्बेडकर जन्मदिवस, बुद्धपूर्णिमा, ईद-उल-अज़हा (बकरीद), महर्षि कश्यप व महाराजा निषाद राज गुहय जयन्ती, चन्द्रशेखर जयन्ती व परशुराम जयन्ती को लेकर 30 मार्च से 30 मई तक धारा 163 प्रभावी रहेगी। इन आदेशों की अवहेलना दंडनीय अपराध है।

# निकाली गई अखंड ज्योति शोभा यात्रा

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** सोमवार को नगर के सिरासौल रोड स्थित श्री संकट मोचन दरबार की ओर से मेहंदीपुर बालाजी धाम से लाई गई अखंड ज्योति की भव्य शोभा यात्रा नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया।

दोपहर करीब 12 बजे अंबियापुर स्थित सम्राट अशोक चौक से शोभा यात्रा का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि नवनीत शाक्य व पूर्व पालिका अध्यक्ष ओम प्रकाश सागर ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। अखंड ज्योति यात्रा नगर के मुख्य बाजार, साहिबगंज, अटल चौक, बालाजी तिराहा और स्टेट बैंक रोड से होते हुए संकट मोचन दरबार पहुंची, जहां श्रद्धालु भक्तों व बाबा के अनुयायियों ने ज्योति का भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा के दौरान बैंड-बाजों की धुन और जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। जगह-जगह दुकानदारों और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान संकट मोचन दरबार के महंत संजय शर्मा महाराज स्वयं पैदल चलकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते नजर आए। अखंड ज्योति शोभा यात्रा को लेकर नगर में विशेष उत्साह देखने को मिला और हर ओर भक्ति और आस्था का माहौल छाया रहा।


अखंड ज्योति की शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु ● अमृत विचार

# न्योली समेत दो चीनी मिलों को नोटिस जारी

● **न्योली और बदायूं की चीनी मिलों पर बकाया है करोड़ों रुपये**

● **गन्ना विभाग ने भुगतान करने को भेजा नोटिस**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** इस बार दूसरे जनपदों की चार चीनी मिलों ने गन्ना किसानों का भुगतान शत-प्रतिशत कर दिया है, जबकि न्योली सहित तीन चीनी मिलों पर करोड़ों का बकाया है। न्योली सहित दो चीनी मिलों को जल्द भुगतान करने को नोटिस भेजे गए हैं। कुछ और चीनी मिलों पर भी किसानों का गन्ना मूल्य बकाया है जिसको लेकर गन्ना विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है।

जनपद में गन्ना जिले की दो चीनी मिलें और दूसरे जिलों की छह चीनी मिलों ने खरीदा है। इसमें से रजपुरा, फरीदपुर, मझावली और रूपापुर चीनी मिलों ने गन्ना किसानों को पूरा भुगतान कर दिया है जबकि जनपद की सबसे बड़ी यदु शुगर मिल पर अभी तक गन्ना किसानों का 26 करोड़ 65 लाख रुपये बकाया है। बिसौली चीनी मिल को इस बार किसानों ने बहुत कम गन्ना दिया जिससे चीनी मिल 27 जनवरी को ही बंद कर दी गईं। इस चीनी मिल पर पिछले साल का भी करोड़ों रुपये बकाया था, जिससे किसान परेशान रहे और गन्ना रोक लिया। मिल प्रबंधन ने परेशान होकर मिल का गन्ना पेराई सत्र बंद कर दिया था। इसके बाद जिले की सहकारी चीनी मिल शेखूपुर ने इस साल 41 करोड़ 86 लाख की खरीद की। इसमें से मिल प्रशासन ने गन्ना किसानों को अब तक 28 करोड़ 36 लाख का भुगतान कर दिया है जबकि मिल पर अभी तक 13 करोड़ 50 लाख का बकाया है। मिल प्रबंधन का कहना है कि शासन से धन मिलते ही गन्ना किसानों का पूरा भुगतान कर दिया जाएगा। अभी तक चार बार भुगतान किया जा चुका है। शेष धनराशि की मांग सरकार से की गई है। अप्रैल माह में पूरा भुगतान कर दिये जाने की उम्मीद है।

### बिसौली चीनी मिल से दूरी बना रहे किसान

बिसौली चीनी मिल के किसानों ने इस बार 80 प्रतिशत गन्ना दूसरी चीनी मिलों को बेचा था। इस मिल के किसान अब गन्ना खेती से दूरी बना रहे हैं। गन्ना किसानों का कहना है कि मिल प्रबंधन की गलत नीतियों के चलते गन्ना किसानों का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। इससे किसानों को परेशानी हो रही है। अब किसान गन्ना खेती से किनारा कर रहे हैं। अन्य फसलों की बुवाई की जा रही है जिसके चलते बिसौली चीनी मिल को वसंतकालीन गन्ना बुवाई का दिया गया लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। अभी तक मात्र 45 प्रतिशत गन्ने की बुवाई की गई है। गन्ना बुवाई का लक्ष्य पूरा करने को शासन स्तर से भी सख्ती बरती जा रही है। फिर भी किसान गन्ना लगाने को तैयार नहीं हैं।

### इस साल भी की जाएगी शेखूपुर चीनी मिल की मरम्मत

शेखूपुर सहकारी चीनी मिल की इस साल भी मशीनों की मरम्मत की जाएगी। मिल प्रबंधन के अनुसार मई माह से मरम्मत कार्य शुरू होगा जो करीब चार महीने तक चलेगा। पिछले साल भी मिल की मशीन की मरम्मत की गई थी जिससे गन्ना पेराई सत्र के बीच कुछ दिक्कतें हुई जबकि पेराई चलती रही, इसलिए अगले साल गन्ना पेराई करने को इस बार मशीनों की मरम्मत की जाएगी। मिल प्रबंधन इसकी तैयारी कर रहा है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# होली-ईद मिलन समारोह समाज के लिए प्रेरणादायक



होली व ईद मिलन समारोह को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आसिम सिद्दीकी मेमोरियल पीजी डिग्री कॉलेज में होली व ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अहमद मुज्तबा सिद्दीकी ने सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और शिक्षा के बारे में बताया। इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रवक्ता राजीव राजीव राज, अनवर आलम ने दीर्घ शैक्षिक अनुभव, अनुकरणीय व्यक्तित्व और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक जोहेब अली सय्यद, प्रबंधन समिति के सदस्य सालिम फरशोरी आदि शामिल हुए।

### बंदरों के हमले में छत से गिरे बुजुर्ग की मौत

**उसहैत, अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव रसूलपुर नगला निवासी बुजुर्ग लतीफ पुत्र जद्दू खां सोमवार रात लगभग आठ बजे अपने घर की छत पर बैठे थे। इसी दौरान बंदरों का झुंड आ गया। बंदरों ने उन्हें घुड़की दी। लतीफ ने बंदरों से बचने का प्रयास किया तो वह छत से नीचे जा गिरे। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। प्रधान पति नवीजमा ने बंदरों को पकड़वाने के लिये वन विभाग के रेंजर से बात की। उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। ग्रामीणों ने डीएम से बंदरों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।


मृतक लतीफ

# सत्रांत दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** बिसौली विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में सोमवार को सत्र समाप्ति दिवस पर मेगा पी टी एम व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जहां भारी संख्या में अभिभावक पहुंचे।

कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा में स्थान प्राप्त कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं व वर्ष भर 212 दिन उपस्थित रहे छात्र-छात्राओं को अतिथि रमेश पाल यादव, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरपाल सिंह उपाध्यक्ष हिरदेश बाबू के द्वारा सम्मानित किया गया । कक्षा 8 में नीलम ने प्रथम स्थान दीक्षा ने द्वितीय व प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा 7 में सचिन ने प्रथम नीलम ने द्वितीय व विवेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसी प्रकार कक्षा 6 में ललित यादव ने प्रथम स्थान पीयूष यादव ने द्वितीय व देव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

मार्च महीने में शत-प्रतिशत उपस्थिति देने वाले 139 छात्र-छात्राओं को रोटेरियन अनमोल गर्ग द्वारा भेजे गए पुरस्कार वितरित किए गए ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित 18 छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक कुंवर सेन ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय की सहायक अध्यापक चित्रा उमेश चंद्र हिमानी वार्ष्णेय हेमलता व अंजुम बुशरा उपस्थिति रहीं ।


परीक्षाफल के साथ खड़े बच्चे ● अमृत विचार

# नई रेल लाइन की मांग को लेकर प्रदर्शन

● **रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सोमवार को अखिल भारतीय सनातन बोर्ड के पदाधिकारियों ने जिले में नई रेलवे लाइन डालने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित एक ज्ञापन पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में जिले के विकास के लिए रेल लाइन स्वीकृत करने की मांग की गई है। जिला अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने कहा कि कई दशकों से जनता की ओर से नई रेलवे लाइन की मांग उठ रही है, जिसके लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पूर्व में भी प्रयास किए गए थे, आज अखिल भारतीय सनातन बोर्ड द्वारा पिछले प्रयासों में रह गई कमियों को दृष्टिगत रखते हुए ज्ञापन पत्र दिया गया है। प्रवक्ता सत्यनारायण गुप्ता ने कहा कि मांगे गए इस नए रेलवे रूट से बदायूं एक ओर दिल्ली तथा लखनऊ से सीधा जुड़ जाएगा। प्रस्तावित रेलवे रूट चंदौसी बिसौली वजीरगंज बदायूं ककराला उसहैत कंपिल और कायमगंज को जोड़ेगा। संगठन संरक्षक सुभाष मैथिल ने बताया कि रेल कनेक्टिविटी न होने के कारण जनपद का एक बड़ा भूभाग विकास से वंचित है। लोगों को आवागमन के लिए केवल सड़क मार्ग पर निर्भर रहना पड़ता है। नए रेलवे रूट के बनने से युवाओं को रोजगार मिलेगा। जिले में व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

**उदासीनता** जाम से निजात दिलाने को रेलवे ट्रैक के नीचे बनाया जा रहा है अंडरपास

# निर्धारित समय में पूरा नहीं हुआ रेलवे अंडरपास

● **मार्च में निर्माण होना था पूरा, अभी तक टीन शेड बनाने तक अटका है काम**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पिछले छह माह से बन रहा रेलवे का अंडरपास 31 मार्च तक पूरा होना था लेकिन अभी तक अंडरपास का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। अंडरपास बनने से लोगों को आने-जाने में होने वाली दिक्कत से निजात मिलेगी। अभी तक दोनों ओर सड़क बनाकर टीन शेड ही डाली गई है जबकि रेल लाइन के नीचे खुदाई होनी है।

रेलवे स्टेशन के निकट ओवरब्रिज के नीचे रेलवे अंडरपास बना रहा है। रेलवे स्टेशन की ओर बन रहे अंडरपास का निर्माण 31 मार्च तक पूरा होना था लेकिन अभी तक 70 प्रतिशत काम पूरा हुआ है। कार्यदायी संस्था का कहना है कि पिछले दिनों सर्द मौसम और बारिश के चलते काम नहीं हो सका। मजदूर नहीं मिलने से काफी रुकावट आई हैं। मार्च तक काम पूरा करने का समय दिया गया था लेकिन अब एक माह का समय और मिल गया है जिसमें काम पूरा कर लिया जाएगा। रेलवे अधिकारियों ने समस्या को देखते हुए समय बढ़ाया है।

ओवरब्रिज के नीचे बन रहे अंडरपास की दोनों ओर की सड़कें तैयार हो चुकी हैं। सोमवार को टीन शेड भी डाल दिया गया। अब शेष कार्य बहुत तेजी के साथ किया जा रहा है। आई डब्लू जाकिर हुसैन ने बताया कि कुछ काम अधूरा है। उसे जल्द पूरा करने को कहा गया है। पिछले दिनों कुछ दिक्कत रहीं जिससे काम में रुकावट आयी लेकिन अब कुछ ही समय में काम पूरा कर लिया जाएगा। मौसम बदल चुका है। मजदूर मिलने की समस्या भी नहीं है। काम करने वाली कंपनी ने कुछ अतिरिक्त मजदूर लगाए हैं।


अंडरपास की तैयार सड़क और टीन शेड ● अमृत विचार

### दुकानों तक बनेगी सड़क

रेलवे फाटक के निकट बनी दुकानों तक सड़क तैयार की जाएगी जिससे कुछ दुकानों के भी टूटने की आशंका है। हालांकि रेलवे की ओर से अभी तक कुछ नहीं कहा गया है फिर भी कुछ दुकानदार इसको लेकर परेशान हैं। दुकानदारों का कहना है कि यदि दुकानें टूटती हैं तो उन्हे बड़ी समस्या होगी। फिर भी वह इसके लिए तैयार हैं। अंडरपास चालू होने के बाद पुल के ऊपर से केबल बड़े वाहन ही गुजरेंगे जबकि दो पहिया वाहन अंडरपास से होकर ही अधिकांश गुजरेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### किन्नरों को बांधकर लोहे की रॉड से पीटा रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** किन्नरों को अगवा करके लोहे की रॉड से पीटने का मामला सामने आया है जिसका वीडियो भी सोशल साइट्स पर वायरल हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है थाना अलापुर क्षेत्र में किन्नरों के दो गुट में नेग मांगने को लेकर विवाद हुआ था। पीड़ित किन्नर चांदनी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 28 मार्च की सुबह उनके चेले किरण उर्फ दीपक, मोनी, ढोलक बजाने वाले मोनू बधाई मांगने के लिए क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान शाहजहांपुर के सोनम और प्रिया बोलेरो गाड़ी से पहुंच गए। मारपीट करके जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर बंधक बनाकर लोहे की रॉड से पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें मुक्त कराया था।

### राष्ट्रीय प्रवक्ता की गिरफ्तारी पर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**विजय नगला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता महेंद्र सिंह टिकैत को सोमवार को उड़ीसा के भुवनेश्वर पुलिस के गिरफ्तार करने से नाराज स्थानीय कार्यकर्ता थाना बिनावर पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ को ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय प्रवक्ता को जल्द रिहा करने की मांग की। ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। केसर अली, पप्पू, सुरेश, भंवर पाल सिंह, भगवान दास, कृष्ण पाल सिंह, सोहेल गाजी, तस्लीम गाजी, राजभान सागर आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता, जिला पंचायत सदस्य समेत 9 का शांतिभंग में चालान

**कुंवरगांव , अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बड़ी कार्रवाई करते हुए भाजपा नेता, जिला पंचायत सदस्य समेत नौ लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की। पुलिस ने दुगरैय्या निवासी मोहम्मद आजम, मुसाहिद हुसैन, नन्हा उर्फ हैदर, सोनू सिद्दीकी, उवैस मियां, चांद मियां, जरीफुल, इकरार हुसैन, वाजिद उर्फ कल्लू पर कार्रवाई की है। इनमें से एक युवक स्थानीय भाजपा नेता और संभावित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी है। दोनों पक्षों के समर्थक कुछ न कुछ लिखते रहते हैं।

# शुरू नहीं हो सके 20 करोड़ के निर्माण कार्य, वापस की धनराशि

## आधा दर्जन से अधिक सड़कों का होना था नवीनीकरण, कई की होनी थी मरम्मत

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **समय से बजट न मिलने के कारण नहीं शुरू हो सके काम, धनराशि हुई वापस**

**अमृत विचार:** 20 करोड़ से अधिक धनराशि के काम लोक निर्माण विभाग शुरू नहीं कर सका। समय पर काम शुरू नहीं होने की वजह से धनराशि खर्च नहीं हो सकी जिसे विभाग की ओर से शासन में वापस करने की तैयारी कर ली है।

लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़कों का नवीनीकरण, मरम्मत आदि कराने के लिए गत वर्ष के अक्टूबर- नवंबर माह के दौरान प्रस्ताव शासन में भेजे थे।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में करीब 10 करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण होना था। इनकी स्वीकृति देते हुए शासन की ओर से करीब 50 करोड़ से अधिक की धनराशि के प्रस्तावों पर स्वीकृति देने के साथ ही धनराशि भी जारी कर दी। धनराशि दस मार्च के आस-पास विभाग को प्राप्त हुई। बजट जारी होने के बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया को शुरू कर दिया। समय रहते लोक निर्माण विभाग की ओर से करीब 30 करोड़ की लागत के काम समय पर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर शुरू करा लिए, लेकिन अब विभाग के पास इतना समय नहीं बचा कि शासन से मिली शेष धनराशि को खर्च कर सके।

धनराशि खर्च करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद अन्य कार्रवाई करने में ही दस दिन से अधिक का समय बीत रहा था।

लेकिन समय के अभाव में धनराशि खर्च करना विभागीय अधिकारियों को असंभव प्रतीत लग रहा था। ऐसी स्थिति में लोक निर्माण विभाग ने करीब 20 करोड़ से अधिक की धनराशि शासन में समर्पित की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मिले बजट को समर्पित करने के बाद दोबारा से धनराशि की मांग करते हुए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

### प्रांतीय खंड समर्पित कर रहा 10 करोड़

लोक निर्माण विभाग की जिले में तीन खंड है। प्रथम खंड को पिछले दस दिनों के दौरान करीब दस करोड़ के निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली थी। धनराशि मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी होने में करीब 20 से 25 दिन का समय लग जाता है। लेकिन समय न होने की वजह से विभाग के अधिकारियों ने टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने के स्थान पर मिले बजट को शासन में समर्पित करना ही उचित समझा। इसी तरह द्वितीय और तृतीय खंड में भी 5-5 करोड़ के काम शुरू कराने में अधिक समय लग रहा था। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में गिने-चुने दिन होने की वजह से उन्हें शुरू कराना मुमकिन नहीं था। इस वजह से इन दोनों खंड की ओर से भी बजट को समर्पित करने की प्रक्रिया जारी है।

> हाल के दिनों में सड़कों के निर्माण कार्य, मरम्मत आदि कामों के लिए 50 करोड़ से अधिक का बजट मिला था। 40 करोड़ के काम शुरू करा दिए गए। शेष कार्य शुरू कराने के लिए समय का अभाव रहा। वित्तीय वर्ष समाप्त हो रहा है। कम समय में धनराशि खर्च करना संभव नहीं था। बजट को शासन में समर्पित किया जा रहा है। दोबारा से धनराशि के लिए मांग की जाएगी।
>
> **नरेश कुमार**, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग

## अनियमितता मिलने पर उचित दर विक्रेता की दुकान निलंबित

**सहसवान, अमृत विचार :** उचित दर विक्रेता की दुकान पर हुई जांच में अनियमितताएं मिलने के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर पूर्ति निरीक्षक ने जांच की। गड़बड़ियां सामने आने पर दुकान को निलंबित कर दिया गया। सहसवान तहसील के दहगवां ब्लॉक स्थित ग्राम मालपुर ततेरा में उचित दर विक्रेता के खिलाफ शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। पूर्ति निरीक्षक दहगवां साहब लाल यादव मौके पर जांच करने पहुंचे। जांच के दौरान दुकान के संचालन में कई अनियमितताएं पाई गईं। शिकायत सही पाए जाने पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से उचित दर विक्रेता की दुकान को निलंबित कर दिया। प्रशासन ने ग्राम पंचायत मालपुर ततेरा के कार्ड धारकों को राशन वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए अस्थायी रूप से इस उचित दर दुकान को पड़ोसी ग्राम कुवरपुर चंदन की दुकान से सम्बद्ध कर दिया है।

## उसावां पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



लोगों को जागरूक करती उसावां पुलिस ● अमृत विचार

**संवाददाता, उसावां**

**अमृत विचार :** उसावां पुलिस ने मिशन शक्ति के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में सोमवार को थाना उसावां की मिशन शक्ति टीम ने यह कार्यक्रम चलाया। इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। अभियान के अंतर्गत, महिला पुलिस कर्मियों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जागरूकता फैलाई। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी कई सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महिलाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, महिला हेल्पलाइन 181 हेल्पलाइन आदि नंबरों से अवगत कराया गया।

# राकेश की पत्नी ने किया किनारा

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **पत्नी का कहना, हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह से 40 साल से नहीं है कोई वास्ता**

**अमृत विचार :** दातागंज के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट पर उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या करने के बाद प्रशासन की कार्रवाई जारी है। पुलिस हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह व उसके ताऊ राकेश कुमार सिंह व उनके परिजनों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। इस बीच राकेश की पत्नी का वीडियो वायरल हुआ है जिसमें उन्होंने कहा कि हत्यारोपी से उनके परिवार का कोई वास्ता नहीं है।

दोहरे हत्याकांड के बाद मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह को जेल भेजा जा चुका है। उसकी दुकानों को धराशायी किया जा चुका है। तहसील और पुलिस प्रशासन उसके ताऊ पूर्व प्रधान राकेश सिंह पर लगातार कार्रवाई कर रही है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने, धन उगाही से लेकर कई आरोप में मामले दर्ज किए गए हैं



मुख्यमंत्री से गुहार लगातीं ब्राह्मादेवी।

जिसके बाद उनके बेटे अभय प्रताप सिंह के प्रशावशाली व्यक्तियों के साथ फोटो वायरल हुए थे। वह फरार चल रहे हैं। सोमवार को राकेश सिंह की पत्नी ब्राह्मादेवी का वीडियो वायरल हुआ। 30 सेकेंड की इस वीडियो में वह हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री से गुहार लगाती नजर आ रही हैं जिसमें उन्होंने हत्याकांड से खुद का अलग बताया। उन्होंने कहा कि उनका और उनके परिवार का अजय प्रताप सिंह को कोई वास्ता नहीं है। उनके पति और बेटे को फंसाया जा रहा है। उनका घर, संपत्ति और जमीन सब अजय प्रताप सिंह से अलग हैं। वह लोग अजय प्रताप से लगभग 40 साल पहले ही अलग हो गए थे। उनके पति अस्थमा के मरीज हैं।

### एसआईटी की जांच पूरी, जल्द हो सकती है कार्रवाई

दोहरे हत्याकांड के बाद मुख्यमंत्री ने मंडलायुक्त के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था। 14 दिनों में जांच पूरी करने को कहा गया था। इसको लेकर अधिकारियों ने मौका-मुआयना किया। थाना मूसाझाग जाकर पत्रावली चेक की जिसके बाद साक्ष्य संकलित किए गए थे। अब जांच पूरी होने के बाद माना जा रहा है कि जल्द ही अन्य लोगों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

## कैशियर पर 33 लाख के गबन का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**उझानी , अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड पर तैनात कैशियर मनिंद्र पाल सिंह ने साल 2024 में 32 लाख 72 हजार 313 रुपये सरकारी खजाने में जमा करने की बजाय गबन कर लिया। ऑडिट में इस बात की जानकारी हुई तो एक्सईएन सतेंद्र प्रकाश गौतम के निर्देश पर सहायक लेखाकार मोहम्मद राशिद ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सहायक लेखाकार की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार विद्युत वितरण खण्ड 33/11 सिटी ऑफिस पर तैनात तकनीशियन/ कैशियर मनिंद्र पाल सिंह एक मई 2024 से लगातार सरकारी धन का गबन कर रहे हैं। 16 मार्च को मंडल लेखाकार ने ऑडिट किया था तो गबन की गई धनराशि की जानकारी हुई। कोतवाली पुलिस ने सरकारी धन के गबन की रिपोर्ट दर्ज की है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण कार्यकत्रियों को बांटे स्मार्टफोन

**संवाददाता, दातागंज**

**अमृत बिचार :** विधानसभा क्षेत्र दातागंज के सर्वांगीण विकास और जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विकासखंड म्याऊ सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में म्याऊ, उसावा, समरेर एवं दातागंज ब्लॉकों के लिए संयुक्त बाल विकास परियोजना कार्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजीव सिंह बब्बू भैया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की मुख्य सेविकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक राजीव कुमार सिंह। ● अमृत विचार

डिजिटल शक्ति से जोड़ने के लिए स्मार्टफोन बांटे गए। विधायक ने कहा कि डिजिटल इंडिया के तहत स्मार्टफोन वितरण से आंगनवाड़ी बहनें अब तकनीकी रूप से सक्षम होंगी।

इससे सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचेगा। आंगनवाड़ी बहनें बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की धुरी हैं। उनका सशक्तिकरण ही स्वस्थ समाज की नींव है। प्रत्येक ब्लॉक से 5-5 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 4-4 मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित कर डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया गया। विकासखंड दातागंज के दहला नगला और विकास खंड समरेर के वामियाना में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का विधिवत लोकार्पण किया गया।

# परिषदीय सहित माध्यमिक स्कूलों में बांटा गया वार्षिक परीक्षाफल

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **परीक्षाफल मिलने के बाद बच्चों के चेहरों पर दौड़ी मुस्कान**
- **परीक्षा परिणाम घोषित करने के दौरान हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**अमृत विचार:** जिले भर के परिषदीय स्कूलों में परीक्षाफल बच्चों में वितरण किया गया। इस दौरान स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेधावी बच्चों को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

श्री कृष्ण इंटर कॉलेज में गृह परीक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल प्रधानाचार्य डॉक्टर संदीप भारती के द्वारा बांटा गया। जूनियर वर्ग में कक्षा आठ के छात्र निखिल कुमार ने सर्वाधिक 95.37% अंक प्राप्त किए। सब जूनियर कक्षा नौ के छात्र रोहिताश कुमार अपनी कक्षा में सबसे अधिक 96% अंक प्राप्त किए। जबकि सीनियर वर्ग कक्षा 11 में छात्र अर्जित सिंह ने सर्वाधिक 81.8% अंक प्राप्त किये। परीक्षा परिणाम मिलने के बाद छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई।

दातागंज स्थित ब्लूमिंग डेल स्कूल वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन कर विद्यार्थियों में परीक्षाफल बांटा गया। परीक्षाफल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए। सर्वाधिक अंक पाने वाले मेधावियों को स्कूल प्रबंधन की ओर से मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विद्यालय की अध्यक्ष पम्मी मेहंदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, मुख्य व्यवस्थापक ईशान मेहंदीरत्ता तथा श्वेता मेहंदीरत्ता आदि उपस्थित रहे।

शहर के बूटा मेमोरियल अलीका पब्लिक स्कूल वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहे जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास ने अपनी अपनी कक्षाओं में स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया।

सोमवार को परिषदीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक और संविलियन विद्यालयों के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में परीक्षाफल का वितरण किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित करने के दौरान स्कूलों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूलों के शिक्षकों ने अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों के बीच रिजल्ट बांटे। जगत ब्लॉक के पीएम श्री कंपोजिट स्कूल आमगांव में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों की उपस्थिति में रिजल्ट बांटा गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।



एसके इंटर कॉलेज में खुशी व्यक्त करते शिक्षक और बच्चे।



प्रथम स्थान वाले छात्र को सम्मानित करते शिक्षक।



स्कूली बच्चे को सम्मानित करते डीपीआरओ।



परिषदीय स्कूल में बच्चे को रिजल्ट देते शिक्षक ● अमृत विचार

## बच्चे बरामद, परिजनों को सौंपेगी पुलिस

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली नगर के वार्ड नंबर 17 के अमीर अहमद का 14 साल का बेटा और नूर मोहम्मद के दो बेटे 18 मार्च की शाम लापता हो गए थे। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने बच्चों की तलाश शुरू कर दी थी।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई थी। एक परिचित ने बच्चों के तेलंगाना के जिला नेल्लूर के रहमताबाद दरगाह पर देखे जाने की जानकारी दी थी। बताया था कि बच्चे उन्हें चकमा देकर फरार हो गए हैं। परिजन दो पुलिसकर्मियों के साथ दरगाह पहुंचे।

जहां बच्चे मिल गए। 30 मार्च को बच्चों को वापस लाया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। मंगलवार को मजिस्ट्रेट के सामने बयान के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

### स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**बिल्सी, अमृत विचार :** सोमवार को परिषदीय स्कूलों में सोमवार को वार्षिकोत्सव से मनाया गया। नगर के मोहल्ला संख्या तीन स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच रिजल्ट वितरण किया। रिजल्ट मिलने के बाद बच्चे खुश दिखाई दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर, भाजपा नगराध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी द्वारा फीता काटकर किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह, महेंद्र कुमार शर्मा, सहायक अध्यापक श्वेता माहेश्वरी, शबनम, तनवीर, सीमा सैफी, सागर शर्मा, अनुज सक्सेना आदि मौजूद रहे। इधर, संविलियन विद्यालय रमनगला में भी वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। जिसमें कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों एवं अभिभावकों को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह ने नए सत्र में शत प्रतिशत नामांकन करने और प्रतिदिन समय से विद्यालय के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस मौके पर ज्योति सिसोदिया, सुधा सिंह, सुनीता राठौर, नवीन उपाध्याय, शालिनी सिंह, उदय सिंह आदि मौजूद रहे।



बच्चे का रिजल्ट देते शिक्षक। ● अमृत विचार

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा (निर्धारित समय अवधि के लिए)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मैंने अपने लड़के राघव झा का नाम श्री शंकर विद्यापीठ मुमुक्ष आश्रम में लिखवाया था वहां पर उसका नाम राघव झा के स्थान पर त्रुटिवश श्रेयश झा लिख गया था। जबकि सही नाम राघव झा है। भविष्य में मेरे पुत्र को राघव झा के नाम से जाना जाएगा। अजित कुमार झा पुत्र श्री राजनरायन झा निवासी नवादा इन्देपुर निकट बरेली मोड पर. तह. सदर जिला शाहजहांपुर

सूचना
11 ½ बीघा जमीन बिकाऊ है।
सम्पर्क करें
ग्राम अमौर शाही के पास तहसील मीरगंज, बरेली
मो. 9634079263

Rakshpal Bahadur Teachers Training Institute, Bareilly
REQUIRES
For B.Ed.
■ Head of Deptt.
■ Lecturer
Qualification as per UGC/NCTE/MJPRU norms
Apply alongwith CV, AADHAR, Photo and all necessary documents within 21 days of publication to email : jobs@rbmi.in
Ph.: 7217023076
Near ITBP, Bukhara Turn Badaun Road, Bareilly

आवश्यकता है
जे.पी. एकेडमी
सी.बी. गंज, बरेली
N.C. से कक्षा 8 तक
अध्यापिकाओं की
(बी.एड को प्राथमिकता)
साक्षात्कार 31.03.2026 मंगलवार
प्रातः 10 बजे से
जे.पी. गंगवार, प्रबंधक
9837634329

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

